# माओवादीयो द्वारा छिपाकर रखे गये हथियार बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ लगातार सर्च अभियान जारी है।इस दौरान पुलिस ने माओवादियों के छुपाए गए हथियार को बरामद किया है।माओवादियों द्वारा जंगल में हथियार को छिपाकर रखा गया था। विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस और सीआरपीएफ 93 बटालियन की एक टीम हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महूडंड के इलाके में एंटी नक्सल अभियान चला रही थी. इसी अभियान के दौरान नासो जमालपुर के जरदेवा पहाड़ पर जमीन में गाड़कर रखे हुए हथियार को बरामद किया है. पुलिस ने मौके से दोनाली बंदूक और दो जिंदा गोली को बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार बरामद हथियार 15 लाख के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, 10 लाख के इनामी संजय यादव और ठेगन मियां के द्वारा छिपाया गया था. हथियार बरामदगी के मामले में पुलिस ने इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, संजय गोदराम समेत कई नक्सलियों खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि माओवादियों ने जमीन के अंदर हथियार को छिपाकर रखा गया था।विधानसभा चुनाव को देखते हुए हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महूडंड इलाके में एरिया डोमिनेशन एवं एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में पुलिस को यह सफलता मिली है. उन्होंने बताया कि बरामद हथियार काफी पुराना है. सर्च अभियान का नेतृत्व सीआरपीएफ 93 बटालियन के इंस्पेक्टर कुंदन कुमार और चंदन सिंह चौहान कर रहे थे।

## सेल टैक्स ऑफिसर के पहुंचते ही दूकानदारो में मची अफरातफरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार के अपराहन आयकर अधिकारी सेल टैक्स ऑफिसर के आने की जानकारी होते ही अधिकांश बड़े-बड़े कारोबारी दुकानदार ने अपने दुकान के शटर को गिराकर दूर खड़ा होकर स्थिति का जायजा लेते रहे की आया हुआ अधिकारी कहा जाते हैं और कब जाते हैं। दीपावली का बाजार का माहौल है ऐसे व्यस्ततम समय में अचानक कर्फ्यू जैसा माहौल हो जाना लोगों के समझ से परे हो रही थी।लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ स्पष्ट हो गया साफ हो गया कि कोई आयकर अधिकारी यानी इनकम टैक्स ऑफिसर आए हुए हैं जिनके द्वारा की जाने वाली जांच के क्रम में कहीं कोई फॉल्ट नहीं पकड़ा जाए इस भय से लोगों ने अपने दुकान के शटर गिरा दिए हैं।जब यह इत्मीनान हो गए कि आयकर अधिकारी यानी सेल टैक्स अफसर जो आए थे किसी एक दुकान में जांच पड़ताल करने के उपरांत वापस लौट गए हैं तब लोगों के जान में जान आई और फिर पुनः बाजार खुल गया। बता दे कि सेलटेक्स ऑफिसर आयकर विभाग के अन्तर्गत एक अधिकारी होता है।जो कि सेल टेक्स से जुडे हुये कार्यो को करने का काम करते है।टेक्स चोरी करने वाले या आयकर न भरने वालो पर कारवाई करती है।

## भाकपा माले के भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले के भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक जंगीपुर ग्राम स्थित राजू विश्वकर्मा के आवास पर कामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में माले ने भाजपा को हराने के लिये जन जन तक भाजपा के जन विरोधी, किसान विरोधी, गरीब-मजदूर विरोधी नीतियों से अवगत कराने का निर्णय लिया. भाकपा माले अपने झंडा बैनर के साथ जत्था वार टीम बनाकर हर गांव मुहल्ले में जायेगी और जनता को जागरूक करेगी. फिलहाल कार्यकर्ता पार्टी के ऊपरी कमिटी के निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं.बैठक में कामरेड कालीचरण मेहता, जिला कमेटी के सदस्य बिरेन्द्र चौधरी, कामेश्वर विश्वकर्मा, रामचंद्र उरांव, कृष्ण यादव, महेंद्र सिंह कामेश्वर सिंह, कमलेश गौड़, धर्मेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, त्रिभुवन सिंह चेरो गिरधारी सिंह खरवार, राजेंद्र राम, राम शरण सिंह, जितेंद्र सिंह तुरिया, सविता देवी, चंपा देवी, कोदूराम, राजू विश्वकर्मा, कर्मदेव सिंह खरवार, किरानी पासवान, शोभनाथ भुईया, शनेश्वर यादव, जगन बैठा, नारायण बैठा, अजय बैठा, सुधीर भूईया नाथूराम, भगवान सिंह खरवार, बाबूलाल सिंह खरवार, इब्राहिम अंसारी, किसान महासभा जिला अध्यक्ष लालमुनी गुप्ता, पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनतेरस-दिवाली का सजा बाजार, बढ़ी रौनक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में शहर से लेकर गांव तक धनतेरस और दिवाली की तैयारी तेज हो गई है। शहर में भीड़ भाड़ को लेकर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा बाजार में ब्रेकेटिंग लगा दिया गया है। ताकी बाजार में लोगो को भीड़ भाड़ का सामना ना करना पड़े। दीपावली को लेकर सभी घरों में सफाई और जरूरत के सामानों की खरीदारी के लिए सूची बनाने, संबंधित दुकानों में पहुंचकर सामानों की अग्रिम बुकिंग कराने का काम शुरू है। इधर दीपावली के आगमन के साथ मेदिनीनगर बाजार की रौनक लौटने लगी है। दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजाने संवारने में जुटे गए हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए चाइनीस लाइटिंग लगाया जा रहा है। इन दिनों पेंट के दुकानों में अत्यधिक भीड़ हो रही है। दीवारों पर पोचरा करने वाला चूना 15 से 20 किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है। अच्छी कंपनी के पेंट 300 से 400 प्रति लीटर बाजार में उपलब्ध है। किराना दुकानदार धनतेरस पर अत्यधिक बिकने वाला झाड़ू का स्टोर कर रहे हैं। सोना चांदी के दुकानदार भी चांदी के सिक्के का ऑर्डर दे चुके हैं। इस बार अंग्रेज जमाने के विक्टोरिया सिक्का भी सोने चांदी के दुकानदार जुटा रहे हैं।शहर के पंच मुहान चौक पर स्थित ज्वेलर्स दुकानदार अमित कुमार वर्मा ने बताया कि दीपावली के पूर्व धनतेरस पर चांदी के सिक्के के अलावे विभिन्न तरह का सोने का ज्वेलरी का डिमांड होता है। ग्राहकों के पसंद का ध्यान में रखते हुए इस बार सभी चीज मंगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक दो सालों के अंदर धनतेरस पर विक्टोरिया सिक्के की अधिक डिमांड देखी जा रही है।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक में चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक बिश्रामपुर कार्यालय में हुई. बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई. निर्णय लिया गया कि मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे. बैठक के दौरान मजदूर किसान कामगार युनियन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा अपने समर्थकों के साथ मंच में शामिल हुए. इसके अलावा विभिन्न गांवों के दर्जनों लोग भी मंच में शामिल हुए.सभी को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने माला पहनाकर और पट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया. शामिल हुए सभी लोगों ने मंच को मजबूत और विस्तारित करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद को जिताने का संकल्प लिया. श्री प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज को जगाने हेतु लंबे समय से प्रयासरत हूं. हमारा प्रयास रंग भी लाया और समाज के लोग हक व अधिकार के प्रति जागरूक भी हुए. जिससे घबराकर विरोधियों ने मेरी हत्या तक का प्रयास किया.मगर उनकी मंशा सफल नहीं हुई. भगवान की दुआ और जनता के आशीर्वाद से उन्हें नया जीवन मिला है.यह नया जीवन जनता को समर्पित है.उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के 24 साल बाद भी किसी ने विधानसभा में ओबीसी का आवाज नहीं उठाया. क्योकि वे नहीं चाहते कि 90 प्रतिशत लोग जागरुक होकर अपने हक और अधिकार की मांग करें. लेकिन आपकी आवाज को बुलंद करने के लिए हम संकल्पित हैं.आपका समर्थन हमारा संबल बनेगा, इसलिए हमको आशीर्वाद दीजिए. मौके पर मंच के कई सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर बिजली, पेयजल, शौचालय सहित साफ सफाई पर जोर



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को बीडीओ सह सीओ प्रशांत कुमार के अध्यक्षता में केतार में स्थित सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक किया गया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधा बिजली, पेयजल, शौचालय सहित साफसफाई की व्यवस्था कराने हेतु सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम, पंचाय सेवक सुरेश राम, प्रधानाध्यापक दीपक सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क जांच में 6.50 किलो चांदी और 400 ग्राम सोना बरामद

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के टूटी लावा में विधान सभा चुनाव को लेकर जांच में एक व्यक्ति के पास से 6.50 किलो चांदी और 400 ग्राम सोना बरामद किया गया है। बरामद सोना चांदी को शील कर ट्रेज़री में जमा कर दिया गया है। वहीं यह सोना चांदी कहां ले जाया जा रहा था और क्यों ले जा रहा था। इसकी जांच प्रशासनिक तौर पर जारी है। बरामद करने वाले पदाधिकारियों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय के अलावे पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## विधान सभा चुनाव को लेकर होटलों और रेस्तराओं में पुलिस की छापेमारी शुरू

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय के सभी होटलों और रेस्तराओं में पुलिस की छापेमारी शुरू कर दी गई है। यह छापेमारी विधान सभा चुनाव 2024 को सुरक्षित मतदान कराने को लेकर की जा रही है। छापेमारी के दौरान सिमरिया टंडवा रोड स्थित ड्रीम लैंड लॉज में भी छापेमारी की गई है। हालांकि छापेमारी में क्या क्या बरामद की गई है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इस तरह पुलिस और प्रशासन के छापेमारी से अपराधियों और गलत लोगों में भय व्याप्त है।

## कैरो भाजपा मंडल ने एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को जिताने को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के देवी मंडप कैरो के बगल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अग्ध्यक्षता में हुई। मौके पर बंगाल के सांसद सह पूर्व मंत्री वर्तमान में लोहरदगा विधानसभा प्रवासी दशरथ तिर्की ने कहा कि झारखण्ड में जे एम एम, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है आज राज्य में चारो ओर भय भ्र्ष्टाचार का बोल बाला है बेरोजगारी चरम पर है,राज्य की जनता इस निकम्मी सरकार से त्रस्त है इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी तय है।झारखण्ड की एक एक सीट महत्वपूर्ण है हर सीट पर जीत दर्ज करना है चाहे वह सीट खुद बी जे पी का हो या गठबंधन के खाते का हो भा ज पा कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी संगठन और गठबंधन के हित में कार्य करें।जहां पर हमारी पार्टी बी जे पी का प्रत्यासी हैं वहां पर आजसू, जनता दल युनाडेड और साथी दल के नेता कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ हमारी पार्टी को जिताने में लगे हैं।लोहरदगा सीट भी हमसबको मिलकर हर हाल में जिताना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। मौके पर लोहरदगा जिला विस्तारक युधिष्ठिर महतो, जिला मंत्री कैलाश महतो, विधेश्वर प्रसाद दीन, लखन उरांव, बजरंग उरांव, मनोज साहू, विवेक महतो, राजेन्द्र सोनी, प्रभु भगत, राधेश्याम साहू, जीतबहान महतो, रविनन्दन शुक्ला, सुरेश यादव, चिखु पहान, ननकू उरांव आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करायें सुनिश्चित : विशेष प्रेक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री योगेंद्र त्रिपाठी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री मनमोहन सिंह आज पलामू पहुंचे। दोनों विशेष प्रेक्षकों ने प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विधानसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। तीनों जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान करने का निदेश दिया। विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव को लेकर मतदान पूर्व पूरी तैयारी कर लें और कमियों को तत्काल दूर करते हुए अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पक्षपात रहित मतदान आवश्यक है। चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करते सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र तक उन्हें लाने के लिए परिवहन सुविधा की पूर्व मैपिंग करने का निदेश दिया। साथ ही मतदान कर्मियों को विभिन्न परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र के सभी स्थान एवं निर्धारित समय तक पहुंचाना सुनिश्चित कराने से मतदान प्रतिशत की कमियों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाहों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दें। विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान त्योहार का भी माहौल है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होने से स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहूलियत होगी। प्रेषकों ने मतदान के समय एवं मतदान केन्द्रों के बदलाव को लेकर मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक करने का निदेश दिया। उन्होंने अंतराज्यीय एवं अंतर्जिला चेक पोस्ट की निगरानी बढ़ाते हुए जब्ती संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। वहीं सोशल मीडिया पर प्रसारित एवं प्रकाशित हो रहे न्यूज़, आपत्तिजनक खबरें, फेक न्यूज़ पर प्रभावी कार्रवाई करने, व्हाट्सएप ग्रुप की पोस्ट को नियमित निगरानी रखते हुए आपत्तिजनक या दूसरों को आघात पहुंचाने वाले पोस्ट पर कार्रवाई करने, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। प्रेक्षकदव्य ने अन्य कई बिंदुओं की भी समीक्षा की और आवश्यक निदेश दिये। बैठक के प्रारंभ में पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशन मुंडा ने प्रेक्षकों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। साथ ही पलामू प्रमंडल के विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर की गई तैयारियों की जानकारी दी। वहीं पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक ने भी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में प्रेक्षकों को अवगत कराया। पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने जिले के विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव की अबतक की तैयारियों का डेटाबेस प्रस्तुत करते हुए तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

## कैरो आजसू की बैठक में नीरू शांति को जिताने पर हुई चर्चा

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो आजसू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में पार्टी के सभी मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि हरहाल में एनडीए गठबंधन और आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत को विजयी बनाना है। सभी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को एकजुट करने का कार्य करें। इसके अलावा इंडिया गठबंधन की सरकार नाकामियों को उजागर करते हुए, इसे उखाड़ फेंकने का काम करें। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को कहा गया अपने-अपने बुथों के ग्रामीणों को नीरू शांति भगत के पक्ष में वोट डालें इसके लिए प्रेरित करें।

## ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने सदर सीओ के नेतृत्व में महिला समेत दो आरोपी को मादक पदार्थ का अवैध धंधा करने के आरोप में गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि दिनांक 27.10.2024 को 15.40 बजे पुलिस अधीक्षक से सूचना मिली कि सेमाटोला चियांकी के समीप कुछ संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशानुसार श्री अमरदीप सिंह बलहोत्रा, अंचलाधिकारी महोदय, सदर मेदिनीनगर के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए सेमा टोला के पास पहुंचा तो पुलिस को पहुंचता देख वहां पर उपस्थित एक व्यक्ति एवं एक महिला सकपका गये तथा भागने के फिराक में थे। यह देख साथ मौजुद पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए व्यक्ति एवं महिला को पकड़ा गया तथा नाम पता पुछते हुए उससे भागने का कारण पुछा तो दोनों के द्वारा अपना अपना नाम संदीप कुमार गौड़ उम्र 42 वर्ष पिता स्व0 छेदी मिस्त्री, पता सोनपुरवा मोहल्ला, थाना + जिला गढ़वा एवं महिला द्वारा अपना नाम दुर्गा देवी उम्र 40 वर्ष पति टिंकू मिस्त्री, पता चियांकी टोला विजय नगर, थाना सदर, जिला पलामू बताये हुए भागने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये। पकड़ाये व्यक्ति संदीप पास मादक पदार्थ पाये जाने की सम्भावना देखते हुए श्री अमरदीप सिंह बलहोत्रा, अंचलाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी लेने के क्रम में पकड़ाये व्यक्ति संदीप के पहने हुए लोवर के बांये पॉकेट से दो छोटे छोटे पारदर्शी प्लास्टिक के पॉकेट में शीलबंद ब्राउन सुगर जैसा मादक पदार्थ एवं पहने हुए टी सर्ट के पॉकेट से एम0आई0 कम्पनी का रियलमी सी 11 एक मोबाईल बरामद हुआ। बरामद ब्राउन सुगर कुल वजन मापने पर करीब 11.40 ग्राम पाया गया। जिसका बाजार का किमत दो लाख अठाईस हजार रूपया है। जिसको विधिवत जप्त किया गया तथा उपरोक्त व्यक्ति एवं महिला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि ब्राउन सुगर बिरेन्द्र पिता नामालुम पता सासाराम से खरीद कर चियांकी के दुर्गा देवी, मोनू कुरैशी एवं मोनू कुरैशी के पत्नी पता कसाई मुहल्ला, थाना शहर, जिला पलामू को बेचते है। संदीप दिनांक 24.10.2024 को मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) बिरेन्द्र से खरीद कर दिनांक 27.10.2024 को चियांकी के दुर्गा देवी एवं मोनू कुरैशी एवं उनकी पत्नी को बेचने के लिये सेमा टोला चियांकी बेचने आये थे तभी पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) के साथ पकड़ लिया गया। अन्य अभियुक्त का तलाश जारी है।

## चैनपुर में प्रशासन के नाक के नीचे से हो रहा अवैध खनन

### अवैध रूप से ब्लास्टिंग होने से लोगों में दहशत का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रशासनिक उदासीनता के चलते खनन माफियों ने घने बस्ती के बीच अवैध खनन कर रहे है। यहां पर ब्लास्टिंग कर अवैध रूप से पत्थर निकाले जा रहे है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं उनके मकानों को ब्लास्टिंग के चलते खतरा बना हुआ है। दअरसल ऐसा ही हाल प्रखंड क्षेत्र के नेऊरा पंचायत के टोला टेमराई में पत्थर माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर पत्थर का अवैध खनन किया जा रहा है।इससे आसपास के ग्रामीण परेशान हैं।पत्थर खनन के लिए किये जा रहे विस्फोट से आसपास के घरों में दरार पड़ने की आशंका से ग्रामीण भयभीत व परेशान हैं वहीं बड़े पैमाने पर खनन मानक की अनदेखी एवं नियमों को दरकिनार करते हुए लीज देकर पत्थर का खनन कराया जा रहा है। जबकि खनन मापदंड के अनुसार घने बस्ती से काफ़ी की दूरी पर पत्थर का खनन होना चाहिए लेकिन पत्थर माफियाओं ने अधिकारियों को अंधेरे में रखकर घने बस्तियों के बीच में पत्थर माफिया द्वारा पत्थर उत्खन करने का काम कर रहें हैं जो कि सरा सर नियमों का उल्लंघन हैं और बस्ती के लोग प्रतिदिन भारी वाहन बस्ती से गुजरने से परेशान व भयभीत रह रहें हैं कि किसी समय जान जाने की आशंका बना रह रहा हैं और वहीं उसी रास्ते में सरकारी विद्यालय भी हैं जहां प्रतिदिन छात्र छात्राओं को उसी रास्ते से गुजरना पड़ता हैं जिससे उनके पढ़ाई पर ग्रहण लगने का आशंका हमेशा बनीं रह रहीं हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## स्क्रूटनी के बाद जमशेदपुर पश्चिम से सबसे ज्यादा 28, सबसे कम घाटशिला से 12 प्रत्याशी मैदान में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्धारित स्क्रूटनी तिथि के बाद विधानसभावार प्रत्याशियों में बहरागोड़ा से 15 उम्मीदवार, घाटशिला से 12 उम्मीदवार, पोटका से 16 उम्मीदवार, जुगसलाई से 13 उम्मीदवार, जमशेदपुर पूर्व से 26 उम्मीदवार और जमशेदपुर पश्चिम से 28 उम्मीदवार मैदान में है।

**44- बहरागोड़ा**

1. दिनेशानंद गोस्वामी, बीजेपी
2. सनत कुमार महतो, बहुजन समाज पार्टी
3. समीर कुमार मोहंती, जेएमएम
4. स्वपन कुमार महतो, CPI-रू
5. अमर कुमार भकत, भागीदारी पार्टी (पी)
6. अशोक महतो, निर्दलीय
7. अर्जुन कुमार टुडू, निर्दलीय
8. हर प्रसाद सिंह सोलंकी, SUCI Communist
9. कविता साव, निर्दलीय
10. दुर्गापद घोष
11. धीरेंद्र नाथ बेरा, निर्दलीय
12. फनी भूषण महतो, निर्दलीय
13. रंजीत चाटियाल, निर्दलीय
14. सूरज गोप, निर्दलीय प्रत्याशी
15. राम मुर्मू, निर्दलीय

**45- घाटशिला**

1. सूर्य सिंह बेसरा, जे पी पी
2. बाबूलाल सोरेन, भारतीय जनता पार्टी
3. रामदास सोरेन, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
4. पंचानन सोरेन, निर्दलीय
5. रामदास मुर्मू, JLKरू
6. इंद्रजीत मुर्मू, भारत आदिवासी पार्टी
7. पार्वती हांसदा, निर्दलीय
8. मनोज मार्डी, अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया
9. सुनील कुमार मुर्मू, निर्दलीय
10. रामदेव हेम्ब्रम, निर्दलीय
11. दिकू बेसरा, SUCI Communist
12. विक्रम किस्कु, निर्दलीय

**46- पोटका**

1. मीरा मुंडा, भारतीय जनता पार्टी
2. संजीव सरदार, जेएमएम
3. बिजन सरदार, SUCI Communist प्रत्याशी
4. भागीरथ हांसदा, JLKM
5. महीन सरदार, भारत आदिवासी पार्टी
6. राम चन्द्र टुडू, राईट टू रिकॉल पार्टी
7. सलमा हांसदा, झारखण्ड पीपुल्स पार्टी
8. सुरधु माझी, अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया
9. कांदोमनी भूमिज, निर्दलीय
10. चन्द्राय माहली, निर्दलीय
11. धनंजय सिंह, निर्दलीय
12. महेंद्र मुर्मू, निर्दलीय
13. लव कुमार सरदार, निर्दलीय
14. सिरमा देवगम, निर्दलीय
15. सुनीता मुर्मू, निर्दलीय
16. सुबोध सिंह सरदार, निर्दलीय

**47- जुगसलाई**

1. मंगल कालिंदी, जेएमएम
2. रामचन्द्र सहिस, आजसू
3. कार्तिक मुखी, भारत आदिवासी पार्टी
4. चन्दन भुइयां, निर्दलीय
5. विनोद स्वांसी, छ्रुय्रू
6. सृष्टि भुइयां, एनसीपी
7. जुगल किशोर मुखी, निर्दलीय
8. दुखु मछुआ, निर्दलीय
9. बिजय कुमार मछुआ, निर्दलीय
10. बिप्लव भुइयां, निर्दलीय
11. मनोज करुआ, निर्दलीय
12. मोहन लाल रजक, आमरा बंगाली पार्टी
13. विमल किशोर बैठा, निर्दलीय

**48- जमशेदपुर पूर्व**

1. डॉ. अजय कुमार, कांग्रेस
2. आनंद कुमार पत्रलेख, निर्दलीय
3. पूर्णिमा साहू, भारतीय जनता पार्टी
4. इंदल कुमार सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक
5. कृष्णा हांसदा, भारत आदिवासी पार्टी
6. तरुण कुमार दे, JLKM
7. पवन कुमार पांडेय, NCP
8. माधवेन्द्र मेहता, JPP
9. सुरजीत सिंह, राईट टू रिकॉल पार्टी प्रत्याशी
10. अभिषेक कुमार, निर्दलीय
11. अमित कुमार, निर्दलीय
12. कंचन सिंह, निर्दलीय
13. कृष्णा लोहार, निर्दलीय
14. गोपाल लोहार, निर्दलीय
15. दिनकर कच्छप, निर्दलीय
16. धर्मेंद्र कुमार सिंह, निर्दलीय
17. बब्लू खुटिया, निर्दलीय
18. रविन्द्र सिंह, निर्दलीय
19. राजकुमार सिंह, निर्दलीय
20. रोशन सुंडी, निर्दलीय
21. शिव शंकर सिंह, निर्दलीय
22. शुभम सिन्हा, निर्दलीय
23. सागर कुमार तिवारी, निर्दलीय
24. सुग्रीव मुखी, JBKSS
25. सोमनाथ बनर्जी, निर्दलीय
26. सौरभ विष्णु, निर्दलीय

**49- जमशेदपुर पश्चिम**

1. बन्ना गुप्ता, कांग्रेस
2. वृंदावन दास, बहुजन समाज पार्टी
3. अजित कुमार यादव, समाजवादी पार्टी
4. अशोक कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
5. काशिफ रजा सिद्दकी, आजाद समाज पार्टी
6. प्यारेलाल साहू, लोकहित अधिकार पार्टी
7. महेश कुमार, राइट टू रिकॉल पार्टी
8. रंजीत दास, आदर्श संग्राम पार्टी
9. राम बचन, भारतीय आजाद सेना
10. राशिद हुसैन, AIMIM
11. बिपिन कुमार सिंह, SUCI Communist
12. सरयू राय, जदयू
13. सौरभ कुमार ओझा, एनसीपी
14. अन्नी अमृता, निर्दलीय
15. डॉ उमेश कुमार, निर्दलीय
16. डॉ ओम प्रकाश आनन्द, निर्दलीय
17. चन्दन प्रसाद, निर्दलीय
18. जी जयराम दास, निर्दलीय
19. जितेंद्र सिंह, निर्दलीय
20. प्रभात कुमार सिंह, निर्दलीय
21. मृत्युंजय कुमार, निर्दलीय
22. विकास सिंह, निर्दलीय
23. विजय तिवारी, निर्दलीय
24. शम्भू नाथ चौधरी, निर्दलीय
25. संतोष कुमार राय, निर्दलीय
26. संतोषी बाई, निर्दलीय
27. सरयू दुसाध, निर्दलीय
28. सरोजनी साह, निर्दलीय

## अर्का जैन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जाना हरियाकोचा के सबरों का हाल, बांटे दीपावली गिफ्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दीपावली के पूर्व सोमवार को अर्का जैन यूनिवर्सिटी के 50 विद्यार्थियों ने बोड़ाम प्रखंड की बेलडीह पंचायत के हरियाकोचा टोला पहुंचकर आदिम जनजाति (सबर) समुदाय के लोगों का हाल जाना। इस दौरान एक कार्यक्रम आयोजित कर सबर परिवारों के 140 लोगों के बीच मिट्टी के दीए, मिठाई पैकेट व अन्य सामग्रियों का वितरण किया। एमबीए के विद्यार्थियों ने सबर परिवार के लोगों का रहन-सहन, रोजगार के साधन, सरकारी योजनाओं की पहुंच व अन्य मुद्दों पर जानकारी हासिल की। मौके पर एमबीए की एचओडी डॉ. उर्वशी ठाकुर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपलोग समाज के अंतिम पायदान पर खड़े सबर समुदाय के लोगों के लिए शोध करें और इनके जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं इसपर काम करें। प्रोफेसर मुकुल पांडेय ने कहा कि टाटा स्टील व अन्य कंपनियों के द्वारा सीएसआर फंड से किए जाने वाले जनहित के कार्यों को यहां के लोगों तक पहुंचाकर इनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने सबर समुदाय के लोगों से कहा कि आप नशे का सेवन नहीं करें और अपने बच्चों को शिक्षित करें ताकि आप भी समाज की मुख्यधारा के साथ जुड़ सकें। गांव के हरिपद सबर ने कहा कि उनके परिवार की 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को चूंकि पीवीटीजी के तहत एक हजार रुपए का पेंशन प्रतिमाह मिलती है इसलिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, उन्हें भी उसका लाभ मिलने से आजीविका में मदद मिलती।विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के पश्चात पाकोटोड़ा सबर टोला का भी दौरा किया जहां जर्जर घरों में रहने वाले सबर परिवारों की स्थिति पर चिंता जताई।

## पेंशनधारी घर बैठे जमा कर सकते लाइफ सर्टिकेट : आयुक्त

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सांविधिक निकाय, द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि योजना, कर्मचारी पेंशन योजना एवं कर्मचारी सहबद्ध बीमा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। क्षेत्रीय कार्यालय, जमशेदपुर से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों की संख्या 60565 है। सभी पेंशनरों को पेंशन जारी रखने के लिए वर्ष में एक बार जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। आज के दौर में पेंशनर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा कर सकते हैं। इस संबंध में, संजय कुमार, अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त (बिहार एवं झारखंड) द्वारा बताया गया कि पेंशनर को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए ईपीएफओ और इंडिया पेस्ट पेमेंट बैंक के बीच समझौता हुआ है। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए पेंशनर/ग्राहक निकटतम इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से घर पर आकर जीवन प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह कर सकते हैं। इस प्रकार से जारी होने वाला डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट पूरी तरह से कागज रहित और परेशानी मुक्त प्रक्रिया है। आयुक्त द्वारा बताया गया कि उक्त डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के लिए पेंशनर को मात्र रू 70/- (जीएसटी सेस सहित) का शुल्क प्रदान करना होगा। प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आइपीपीबी या गैर आइपीपीबी ग्राहकों से कोई डोरस्टेप शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले पेंशनरों को बैंकों, डाकघर या ईपीएफओ कार्यालय जाना पड़ता था।

## जमशेदपुर पश्चिमी की जनता के आग्रह पर चुनावी मैदान में हूं : शम्भु नाथ चौधरी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर पश्चिमी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना चुनावी मैदान में कूदे शम्भु नाथ चौधरी ने आज साकची के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि जमशेदपुर जन कल्याण समिति एक स्वंसेवी संस्था है जिससे स्वेच्छा से हजारो लोग जुड़े है. इन्ही लोगो के आग्रह पर सामुहिक रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। संस्था के हर सदस्य ने कम से कम 15 परिवार के वोट दिलवाने का संक्लप लिया है. जनता के भलाई के लिए हर निर्णय सब के सहमति से लिया जायेगा। मतलब जनता के लिए जनत द्वारा शासनः प्रजातंत्र का सही रूप. उन्होंने कहा कि हमारा संकल्पः पक्का ईरादा जिसका लक्ष्य है जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र और यहां की जनता का सर्वांगीण विकास. इसे हमारा घोषणापत्र भी कह सकते हैं. उन्होंने कहा मुझे जमशेदपुर पश्चिमी के जनता पर पूरा विश्वास है कि वो मुझे अपना समर्थन देकर जीत का माला पहनाएंगे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शक्ति एचपी गैस पटमदा की पहल पर एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं हिंदी कार्यशाला शक्ति एचपी गैस के प्रोपराइटर नरेंद्र कुमार मोहंती तथा मैनेजर भवानी कांत दास के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने की। कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों को बोलचाल एवं पत्राचार में हिंदी भाषा का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता हेतु भी प्रेरित किया गया, जिससे वे अपने जीवन में सतर्कता को अपना सकें और अपने देश के प्रगति में योगदान दे सकें।कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का महत्व समझाने में मदद मिली और उन्हें सतर्कता के महत्व को समझने में भी मदद मिली।

## निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गा चरण सोरेन ने चलाया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर के प्रखंड अंतर्गत जेलतार बेरा, अयोध्या गांव एवं लुकुमबेरा में निर्दलीय प्रत्याशी भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व डीएसपी दुर्गा चरण सोरेन ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने गांव में तूफानी द्वारा करते हुए लोगों से वार्तालाप की और उनकी समस्याओं को जाना। कई जगह ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या उत्पन्न है ,कहीं पर जल की तो कहीं बिजली की तो कहीं रोड नाले नदी पुल की। उन्होंने कहा सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में एक शिक्षित और रोजगार और विकास करने का संकल्प लिया हो ऐसा प्रत्याशी की जरूरत है जो आपका काम कर सके ,ग्रामीणों को उनका हक दिला सके। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हार की डर से बौखलाई भाजपा, डॉ अजय को बदनाम करने का प्रयास : देविका सिंह

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस नेत्री देविका ने सोमवार को भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा अपनी हार के डर से बौखला गई है. इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी डा.अजय कुमार पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है. डा. अजय एक शिक्षित एवं सुलझे हुए व्यक्ति है. जिन्हें भाजपा द्वारा बदनाम करने के लिए सुनियोजित तरीके से एक प्रोपगेंडा चलाया जा रहा है.



**डा.अजय कुमार के बढ़ते जनाधार से बीजेपी घबरा गई है : नलिनी सिन्हा**

कांग्रेस नेत्री नलिनी सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी डा.अजय कुमार को लोगों के मिल रहे समर्थन से बीजेपी घबरा गई है. डा.अजय ने सभी क्षेत्रों में एक प्रतिमान स्थापित किया है. उनकी बेदाग छवि को बीजेपी धूमिल करने का प्रयास कर रही है. लेकिन जनता समझदार है वो सब जानती है. डा. अजय भारी मतों से जीतेंगे.

## टाटानगर रेलवे स्टेशन से करीब 1.58 करोड़ के सोना, चांदी, प्लैटिनम, हीरे के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने अवैध नकदी, मादक पदार्थ, हथियार, और बहुमूल्य सामग्री की आवाजाही पर सख्त निगरानी रखी है। इसी क्रम में, टाटानगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात एक व्यक्ति को भारी मात्रा में सोना, चांदी, प्लैटिनम, और हीरे के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी से आदेश प्राप्त होने के बाद 27/28 अक्टूबर की रात लगभग 11ः30 बजे से शुरू की गई थी, जिसमें चक्रधरपुर मंडल के उड़नदस्ता दल, टाटानगर पोस्ट के अधिकारी एवं बल, और सीआइबी/टाटा के कर्मचारी शामिल थे। पूरी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण निरीक्षक राकेश मोहन ने किया। जांच दल ने स्टेशन के प्लेटफार्म 1 पर संदिग्ध रूप से एक व्यक्ति को अलग-अलग आकार के पार्सल पैकेट के साथ देखा, जो सुरक्षा उपकरणों और तैनात



आरपीएफ कर्मियों से बचते हुए स्टेशन परिसर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह सोना, चांदी के गहने, सिक्के और अन्य बहुमूल्य सामान लेकर आया है। नाम और पते के बारे में पूछने पर उसने अपना नाम विवेकानंद झा (उम्र 34 वर्ष), गौशाला नाला रोड, राजकुमारी अपार्टमेंट के पीछे, थाना जुगसलाई, जिला पूर्वी सिंहभूम, झारखंड बताया। चूंकि व्यक्ति सामानों के वैध कागजात या बिल प्रस्तुत नहीं कर पाया और इन सामानों का उपयोग कहां और किस उद्देश्य के लिए किया जाना था, इसका स्पष्ट उत्तर भी नहीं दे सका, उसे गहन जांच के लिए टाटानगर पोस्ट लाया गया। उड़नदस्ता दल के सहायक व्यय पर्यवेक्षक, जुगसलाई विधानसभा के पंजीकृत मूल्यांकन अधिकारी, और संबंधित विभागों की उपस्थिति में पार्सल पैकेट खोले गए। पैकेटों से सोना : 1444.466 ग्राम, अनुमानित मूल्य 1,14,11,346 रुपये, चांदीः 51,000 ग्राम, अनुमानित मूल्य 31,82,400 रुपये, प्लैटिनम : 99.63 ग्राम, अनुमानित मूल्य 2,77,968 रुपये, हीराः 4.9 ग्राम, अनुमानित मूल्य 9,07,900 रुपये बरामद सभी सामग्री का कुल मूल्य लगभग 1,57,79,614 रुपये (एक करोड़ सत्तावन लाख उनहत्तर हजार छः सौ चौदह रुपये) आंका गया है। इन सामानों को सही रख-रखाव और सुरक्षित तरीके से रखने हेतु जीआरपी/टाटानगर के सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों को इस मामले की सूचना

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सोमवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा पूर्वी सिंहभूम, में स्वीप के तहत विधानसभा चुनाव जागरूकता अभियान के संदर्भ में प्रभात फेरी तथा पत्र लेखन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार एवं नोडल शिक्षिका अल्पा रोशनी बाखला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रभात फेरी विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर पटमदा बाजार होते हुए पटमदा थाना, वहां से सोमवार हाट होते हुए पुनः अपने विद्यालय लौटकर संपन्न किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को वोट देने के अधिकार के विषय में जागरूक किया गया, जिसमें विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने भाग लिया। पत्र लेखन के माध्यम से बच्चों ने यह बताने का प्रयास किया




कि वह अपने माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों को अपने वोट का उचित प्रयोग कर अपने अधिकार को कायम रखें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक श्रीमंत प्रमाणिक, तुलसी महतो, डाक्टर प्रमाणिक, सुबोध प्रसाद सिंह, राशिद नेसार, स्नेह शीष चटर्जी, आशा कुमारी, अनीता मुर्मू व मिताली बासु के साथ-साथ अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## काव्यप्त ग्लोबल स्कूल में जिंदगी उत्सव और प्रदर्शनी 2024 कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** काव्यप्त ग्लोबल स्कूल, जमशेदपुर में दो दिवसीय वार्षिक जिंदगी उत्सव और प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें इतिहास के चार महान व्यक्तित्वों- चाणक्य, आर्यभट्ट, स्वामी विवेकानंद, और जेआरडी टाटा - को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। 'आर्किटेक्ट्स ऑफ चेंज' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, नेतृत्व और नवाचार को बढ़ावा देना था। पहले दिन शाम 5 बजे से शुरू हुए जिंदगी उत्सव में झारखंड के स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता, कोलकाता के हेरिटेज स्कूल की प्रिंसिपल सीमा सप्रू, और बैंगलोर के 'द लर्नर्स कॉन्फ्लुएंस' के सह-संस्थापक डॉ. ए सेंथिल कुमारन जैसे मुख्य अतिथियों ने शिरकत की। कॉलेज की निदेशक कबिता अग्रवाल ने समारोह का



उद्घाटन किया और छात्रों को सार्थक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने चाणक्य की बुद्धिमता को मंचित किया, कक्षा 3 ने आर्यभट्ट के गणितीय योगदान को उजागर किया, कक्षा 4 ने विवेकानंद के विचारों को प्रदर्शित किया, जबकि कक्षा 5 ने जेआरडी टाटा की औद्योगिक सेवाओं को सलाम किया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने विभिन्न ऐतिहासिक हस्तियों की थीम पर आधारित प्रदर्शनों और मॉडलों का प्रदर्शन किया।

## सरयू राय कमल फूल की फोटो चिपका कर नकली सिलेंडर बेचना चाहते हैं : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय पिछले विधानसभा चुनाव में कमल छाप को डुबाने में लगे थे. उन्होंने पूरे राज्य में घूम घूम कर कमल छाप को हराने का काम किया. आज कहते हैं कि सिलेंडर ही कमल है और कमल ही सिलेंडर है. यानी फिर एक बार जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं. जो सिलेंडर पिछले बार कमल को डुबाने में लगा था, वो सिलेंडर आज कमल कैसे हो गया. बन्ना गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2019 में सरयू राय भाजपा से निष्कासित किए गए थे. उनसे पूछिए कि क्या निष्कासन वापस हो गया है असल में आज जिस कमल की डंडी को चप्पू बनाकर सरयू राय चुनावी नैया को खेना चाहते हैं. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो व्यक्ति खुद को पाक साफ दिखलाता है, उसके चुनावी हलफनामे को देखिए. जिससे स्पष्ट हो



जाएगा कि सरयू राय पर विभिन्न थानों में कितने अपराधिक मामले दर्ज हैं. माननीय न्यायलय में उनके विरुद्ध मामलों की सुनवाई चल रही है. असल में वे प्रभाव से थानों में मुक़दमों को प्रभावित करते हैं.

**बन्ना गुप्ता ने की धतकिडीह एवं मानगो में पद यात्रा**

जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने धतकिडीह एवं मानगो में पद यात्रा कर जनसम्पर्क किया. उन्हें स्थानीय जनता का आपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है. स्थानीय माताओं और बहनों ने उनको पेवर्स ब्लॉक की सड़कों, सामुदायिक भवन के निर्माण और बिजली के पोल के लिए आभार व्यक्त किया.

**बन्ना गुप्ता ने पत्नी के साथ कदमा बाजार जाकर खरीदे दीये और बाती**

धनतेरस और दीपावली के अवसर पर बन्ना गुप्ता हरवर्ष अपनी पत्नी सुधा गुप्ता के साथ स्थानीय बाजार जाते हैं. वे स्वयं अपने हाथों से दीपक इत्यादि सामग्रियों की खरीददारी करते हैं. अपनी पारिवारिक परंपरा का निर्वाह करते हुए चुनावी व्यस्तता के मध्य भी वे सपत्नीक कदमा बाजार पहुंचे और खरीददारी की. बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारे पर्व त्यौहार स्थानीय कुम्हार, गृह उद्योग, महिला उद्योगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं.

## डॉ अजय मजदूर हित में लिए थे कई महत्वपूर्ण निर्णय : अरुण कुमार सिंह

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेल्को वर्कर्स यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष सह इंटक के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने डॉ. अजय कुमार का पक्ष लेते हुए बीजेपी नेताओ पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग डा. अजय को मजदूर विरोधी बता रहे है. वो उस समय कहां थे जब डा. अजय कुमार ने अस्थायी कर्मचारियों को कंपनी का क्वाटर एलाट करने का ऐतिहासिक निर्णय लिए थे. कैंटिन में मजदूरों के खाने की गुणवत्ता में सुधार करावाया था. इतना ही नहीं टेल्कों अस्पताल में सुविधाओं के बढ़ोतरी एवं विस्तार डा. अजय कुमार के कार्यकाल में ही हुआ था. जहां तक मजदूरों की अहित की बात है तो भाजपा नेता यह क्यों भूल जाते है कि बिना यूनियन के सहमति के कोई प्रबंधन एकतरफा निर्णय नहीं ले सकता है. डा. अजय कुमार पर प्रबंधन का दबाव होने के बावजूद उन्होंने मजदूर हित में कई निर्णय लिए जो शायद भाजपाईयों को मालूम नहीं है. बल्कि रघुवर दास एक मजदूर होने के बावजूद मजदूरों का सबसे ज्यादा नुकसान किए.



## मजदूर होने के बावजूद मजदूरों का दर्द नहीं समझ पाए रघुवर दास : विजय खां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खां और कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकार ने संयुक्त रुप से सोमवार को मीडिया को संबोधित किया. विजय खां ने कहा कि रघुवर दास हर सभा में स्वंय को मजदूर होने की बात करते रहते थे. लेकिन उन्होंने विधायक और फिर मुख्यमंत्री रहते कभी मजदूरों का दर्द को नहीं समझा. उनके कार्यकाल में कई कंपनियां काल कल्लवित हो गई. मजदूर सड़क पर आ गए लेकिन मजदूरों के नेता होने का दंभ भरने वाले रघुवर दास ने कभी भी मजदूरों की सुध नहीं ली. केबुल कंपनी को चालू करने को लेकर रघुवर दास की ओर से कोई सार्थक



प्रयास नहीं किया गया. यहां तक केबुल कंपनी के क्वाटर्स में व्यक्तिगत तौर बिजली का कनेक्शन तक नहीं दिला पाए रघुवर दास. एग्रीको कंपनी बंद गई. टायो रोल्स बंद हो गई. हिताची कंपनी खड़गपुर शिफ्ट हो गई और रघुवर दास मूकदर्शक बने रहे. विजय खां ने कहा कि केबल कंपनी का बंद होना ये महज एक इत्तेफाक है या कुछ और कि झारखण्ड के सीएम रघुवर दास पहली बार 1995 में पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होते हैं और 177 एकड़ जमीन में फैली विशाल केबल कंपनी बंद हो जाती है. विजय खां ने कहा कि विकास पुरुष कहलाने वाले रघुवर दास के कार्यकाल में इतनी सारी कंपनियां बंद क्यों हुई इसका जवाब उनको देना चाहिए. उन्होंने कहा कि हमेशा से मजदूरों के हितों में कांग्रेस काम करती आयी है और इसका बड़ा उदाहरण भी कांग्रेस के पास है. टाटा मोटर्स में स्थायीकरण का मुद्दा हो, नुवोको सीमेंट कंपनी में लॉजिस्टिक के कर्मचारियों को सेंट्रल वेज की सुविधा दिलाने से लेकर सभी कंपनियों में कर्मचारियों के हितों की रक्षा में कांग्रेस और इंटक की अहम भूमिका रही है. डॉ. अजय कुमार अब आ रहे हैं, वे इस संबंध में उचित कदम उठाएंगे ताकि इन कंपनियों के कर्मचारियों को न्याय मिल सके. इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, कार्यकारी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, प्रिंस सिंह ,बबलू झा,विजय यादव,अजीतेश उज्जैन,केके शुक्ला और अन्य लोग मौजूद थे.

## कभी मजदूरों की रहनुमाई नहीं कर सकते डॉ अजय कुमार : रामबाबू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का एजेंडा चला रहे हैं। वे अपनी निश्चित हार को देखते हुए बौखलाहट में दूसरों पर अनाप-शनाप आरोप लगाते चल रहे हैं। यह बात एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री राकेश सिंह ने कही। इस दौरान अजय कुमार की प्रताड़ना का शिकार हुए स्थानीय निवासी बिनोद झा एवं बिनोद प्रसाद ने भी अजय कुमार के तानाशाही रवैये पर अपनी आपबीती बताई। भाजपा नेताओं ने कहा कि दूसरों को दलाल कहने वाले अजय कुमार ने टाटा




मोटर्स के डीजीएम (एचआर) रहते हुए मजदूरों का जो शोषण किया, उसे शायद हीं लोग भूले होंगे। अजय कुमार ने मजदूरों के मसीहा और तत्कालीन टेल्को वर्कर्स यूनियन के महामंत्री श्री गोपेश्वर के कड़े विरोध के बावजूद इंसेंटिव बोनस और एडिशनल बोनस, जो उत्पादन और गुणवत्ता पर आधारित था, में कटौती कर फिक्स कर दिया। उन्होंने कहा कि अजय कुमार ने बड़ा मजदूर विरोधी कदम उठाते हुए टेल्को के श्रमिकों की चिकित्सा सुविधा में भारी कटौती की। अजय कुमार ने हर साल 500 अस्थायी मजदूरों को स्थाई करने का वादा किया था,लेकिन बाद में कटौती कर दी। अस्थायी मजदूरों ने बड़ा आंदोलन किया। जब रघुवर दास झारखंड के श्रम मंत्री बने तो उन्होंने टेल्को प्रबंधन पर दबाव बना कर प्रति वर्ष 200 अस्थायी कर्मियों को स्थायी करने का समझौता कराया, जिसका अभी तक पालन हो रहा है। जिन बस्ती वासियों के लिए अजय कुमार आज आठ-आठ आंसू बहा रहे हैं उनके खिलाफ भी उन्होंने कम दमन चक्र नहीं चलाया। नेताओं ने कहा कि वही व्यक्ति आज कांग्रेस का नकाब पहन कर कारपोरेट सेक्टर के इशारे पर लोगों में तरह-तरह का भ्रम फैला अपना हित साधना चाहता है। क्षेत्र की जनता एक बार धोखा खा चुकी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार ऐसे बहुरुपिये से सावधान रहने की जरुरत है।

संपादकीय

## मोदी-जिनपिंग संवाद के मायने

**पांच** साल के बाद प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई और करीब 50 मिनट तक बातचीत हुई। यह एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय प्रयास माना जा सकता है। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए। अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वजों की पृष्ठभूमि में मुलाकात हुई। कुछ मुस्कराए भी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की जो शैली होती है, वह गायब रही। दोनों नेता आलिंगनबद्ध नहीं हुए। मुलाकात में गर्मजोशी और अंतरंगता महसूस नहीं हुई। इस द्विपक्षीय संवाद को अंतिम और निर्णायक भी नहीं माना जा सकता। एक तानाशाह किस्म के देश और एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच ऐसी मुलाकात और बातचीत, बेशक, एक महत्वपूर्ण कदम है। उसके जरिए आगे का रास्ता तय किया जा सकता है। यह दो समान शक्तियों के दरमियान समान स्तर का संवाद भी नहीं था, क्योंकि चीन भारत से करीब 6 गुना बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। सामरिक स्तर पर भी चीन एक 'वैश्विक महाशक्ति' है। फिर भी 5 साल के गतिरोध के बाद चीन भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत को सहमत हुआ, इसे प्रत्येक लिहाज से कमतर नहीं आंकना चाहिए। चीन भारत को प्रतिस्पद्र्धी नहीं, सहयोगी मानता है, यह चीन की नई सोच है। दोनों नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने और सेनाओं के पीछे हटने के समझौते का स्वागत किया है। दोनों नेता मानते हैं कि उनकी सीमाओं पर शांति और स्थिरता रहनी चाहिए। सीमा विवाद निपटाने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन से विदेश मंत्री वांग यी जल्द ही औपचारिक बैठकें शुरू करेंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा है कि चीन और भारत को एक-दूसरे के प्रति अच्छी धारणा रखनी चाहिए। पड़ोसी होने के नाते सद्भाव से रहने के लिए सही रास्ता खोजने पर काम करना जरूरी है। दोनों का मानना है कि भारत-चीन के संबंध उनके देशों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अहम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि परस्पर विश्वास, परस्पर सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता के आधार पर ही दोनों देशों के संबंध तय होने चाहिए। लब्बोलुआब यह रहा कि दोनों देश शांति, स्थिरता, सद्भाव, सौहार्द के पक्षधर हैं, लेकिन सवाल है कि क्या ऐसा संभव और व्यावहारिक होगा? अधिकतर राजनयिक और रक्षा विशेषज्ञ बार-बार यह कह रहे हैं कि चीन की फितरत पर भरोसा नहीं करना चाहिए और भारतीय सैनिकों को हरदम सचेत रहना चाहिए। दरअसल भारत 1947 और चीन 1949 में स्वतंत्र हुए। उस दौर में दोनों ही देश समान स्थितियों में थे। 1960, '65,'70,'80 और 1987 के कालखंडों तक भारत-चीन की अर्थव्यवस्था में कोई खास अंतर नहीं था। हालांकि भारत 23.2 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के साथ चीन की 22.7 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था से आगे था। 1990 के दशक में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने देश की अर्थव्यवस्था को खोला और आर्थिक उदारीकरण, भूमंडलीकरण का दौर शुरू हुआ। वहीं से चीन ने हमें पीछे करना शुरू किया। चीन ने कृषि का निजीकरण किया। उसे वामपंथी शासन और कायदे-कानूनों से मुक्त रखा। चीन ने गांव-गांव में औद्योगिक जोन बनाए, नतीजतन ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन नहीं हुआ। गांव में ही रोजगार का प्रबंध किया गया। भारत में जातियों पर राजनीति चल रही थी और गठबंधन सरकारें बेहद अनिश्चित और अस्थिर थीं। चीन के लोगों ने रात-दिन मेहनत की। वहां उस दौर में किसान की औसत सालाना आमदनी 15 लाख रुपए थी, जबकि भारत में यह औसत 1.5 लाख से भी कम थी। चीन ने तय किया कि 9 साल तक स्कूल में पढना अनिवार्य होगा। शिक्षा के साथ-साथ कौशल पर भी गहरा ध्यान दिया गया।


दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए। अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वजों की पृष्ठभूमि में मुलाकात हुई। कुछ मुस्कराए भी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की जो शैली होती है, वह गायब रही। दोनों नेता आलिंगनबद्ध नहीं हुए। मुलाकात में गर्मजोशी और अंतरंगता महसूस नहीं हुई। इस द्विपक्षीय संवाद को अंतिम और निर्णायक भी नहीं माना जा सकता। एक तानाशाह किस्म के देश और एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच ऐसी मुलाकात और बातचीत, बेशक, एक महत्वपूर्ण कदम है। उसके जरिए आगे का रास्ता तय किया जा सकता है। यह दो समान शक्तियों के दरमियान समान स्तर का संवाद भी नहीं था, क्योंकि चीन भारत से करीब 6 गुना बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। सामरिक स्तर पर भी चीन एक 'वैश्विक महाशक्ति' है। फिर भी 5 साल के गतिरोध के बाद चीन भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत को सहमत हुआ, इसे प्रत्येक लिहाज से कमतर नहीं आंकना चाहिए। चीन भारत को प्रतिस्पद्र्धी नहीं, सहयोगी मानता है, यह चीन की नई सोच है।


### जम्मू कश्मीर में इतना कुछ बदल गया जिसको समझने समझाने में समाजविज्ञानियों को पसीना आने लगा

## जम्मू-कश्मीर में नई शुरुआत

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


मुफ्ती साहिब के इंतकाल के बाद उनकी बेटी सैयदा महबूबा मुफ्ती राज्य की मुख्यमंत्री बन गई थीं। मुफ्ती परिवार का यह राजयोग भाजपा के समर्थन पर टिका था। वैसे यह भी अपने आप में सातवां आश्चर्य ही था कि जनसंघ/भाजपा शुरू से ही स्वदेशी का ही समर्थन करती रही हैं, लेकिन जब कश्मीर में राजसत्ता देने की बात आई तो फैसला सैयदों के हक में दे दिया। इससे राज्य के गुज्जर, दलित और पसमांदा मुसलमान भाजपा से रुष्ट भी हुए थे। लेकिन अब यह पुरानी बात है। वैसे भी हालात कुछ ऐसे बने कि भाजपा ने अपना सहयोग वापस ले लिया। जाहिर है इससे मुफ्ती परिवार के हाथ की लकीरें भी बदल गईं।


**उमर** अब्दुल्ला ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर की कमान संभाल ली है। 2014 में उन्हें पीडीपी के मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने अपदस्थ कर दिया था। वैसे कश्मीर में सैयदों की और देसी मुसलमानों की लड़ाई बहुत पुरानी है। मुफ्ती साहिब के इंतकाल के बाद उनकी बेटी सैयदा महबूबा मुफ्ती राज्य की मुख्यमंत्री बन गई थीं। मुफ्ती परिवार का यह राजयोग भाजपा के समर्थन पर टिका था। वैसे यह भी अपने आप में सातवां आश्चर्य ही था कि जनसंघ/भाजपा शुरू से ही स्वदेशी का ही समर्थन करती रही हैं, लेकिन जब कश्मीर में राजसत्ता देने की बात आई तो फैसला सैयदों के हक में दे दिया। इससे राज्य के गुज्जर, दलित और पसमांदा मुसलमान भाजपा से रुष्ट भी हुए थे। लेकिन अब यह पुरानी बात है। वैसे भी हालात कुछ ऐसे बने कि भाजपा ने अपना सहयोग वापस ले लिया। जाहिर है इससे मुफ्ती परिवार के हाथ की लकीरें भी बदल गईं। लेकिन उसके बाद जम्मू कश्मीर में इतना कुछ बदल गया जिसको समझने समझाने में समाजविज्ञानियों को पसीना आने लगा। इतना ही नहीं, पाकिस्तान से लेकर अमेरिका तक में हडक़म्प मच गया। अमेरिका ने बहुत ही चालाकी से भारत को इस मुद्दे पर घेरा हुआ था। दुनिया भर को विश्वास दिला रखा था कि जम्मू कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का विषय है। इन गोरे लोगों ने चाल इतनी ख़ूबसूरती से चली थी कि भारत में भी बहुत से लोग विश्वास करने लगे थे कि कश्मीर दोनों देशों में विवाद का कारण है। इस भ्रम को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 था ही। कश्मीर घाटी में तो इस मृगमरीचिका का शिकार होकर बहुत से कश्मीरी भी आजादी-आजादी चिल्लाते हुए, पाकिस्तान के साथ जाने के सपने देखने लगे। इसलिए सैयदों की इन अरबी चालों और गोरों की नस्ली चालों को सदा के लिए दफनाने के लिए भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को ही हटा दिया। हडक़म्प मचना तय ही था। लेकिन ज्यादा हो-हल्ला तीन डेरों पर ही मचा। पहला डेरा




अब्दुल्ला परिवार का था। यह डेरा जम्मू कश्मीर का स्थानीय या लोकल डेरा था। यह ठीक है कि डेरे के पूर्वज कभी अति उत्साह में अरबी शेख बनने चले थे, शायद कश्मीरियों को डराने के लिए ही। लेकिन वे जल्दी समझ गए कि दूसरों के कपड़े पहन कर देवदार को खजूर समझने से मानसिक तनाव ही बढ़ता है, इसलिए वे जल्दी ही नकली शेख की वर्दी उतार कर अपने देसी लोगों में ही शामिल हो गए। दूसरा डेरा सैयदों का था। वे अभी भी देवदारों पर खजूरें लगने की तरकीबें तलाश रहे थे। तीसरा डेरा उन अलगाववादियों का आकार ले रहा था जिनका नियंत्रण तो एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) मूल के विदेशी मुसलमानों के हाथ में ही था, लेकिन मजहब के नाम पर उन्होंने कुछ देसी कश्मीरी भी अपने डेरे में बिठा रखे थे। जैसे ही अनुच्छेद 370 खत्म हुआ हड़बड़ाहट में ये तीनों डेरे गुपकार के नाम पर एक साथ रोने लगे। लेकिन इतनी बेसुरी आवाजें निकलीं कि उसमें कश्मीर कहीं सुनाई नहीं दे रहा था। देसी डेरे ने तो अरसा पहले ही अरबी शेख बनने का गैर कश्मीरी रास्ता छोड़ दिया था। वह समय की चाल को भी समझ गया था और समय के महत्व को भी। फिर वह जम्मू कश्मीर का देसी डेरा था, राज्य के देसी मन को कैसे न समझता! अरबी डेरे न तो कश्मीर के मन को समझ पाए और न ही समय की चाल को। यही कारण है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में अरबी डेरे उखड़ गए और देसी डेरों ने धमाल मचा दी। जम्मू संभाग में भाजपा ने झंडे गाड दिए और कश्मीर संभाग में अब्दुल्ला परिवार की नैशनल कान्फ्रेंस ने अंगद की तरह पैर जमा दिया। उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री बनना ही था, लेकिन अनुमान इस बात को लेकर लगाया जा रहा था कि विधानसभा में बहुमत हासिल करने के बाद भी क्या वे राज्य के भीतर की देसी अभिलाषा को पढ़ते रहेंगे या फिर विदेशी भाषा की चालों में फंस जाएंगे। उमर के मंत्रिमंडल को देख कर लगता है वे भूतकाल से निकल कर भविष्य के रास्ते पर चलने का निर्णय कर चुके हैं। चुनाव से पहले नैशनल कान्फ्रेंस ने कांग्रेस से समझौता किया हुआ था। जम्मू संभाग की अधिकांश सीटें राहुल गांधी के हवाले करते हुए उसे उसी का मंत्र भी याद दिला दिया था, जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी। लेकिन राहुल गांधी संख्या लेकर हाजिर हुए महज छह की। उसमें भी पांच लोग तो उमर अब्दुल्ला के इलाके कश्मीर के ही थे और जीते भी नैशनल कान्फ्रेंस की मदद से ही थे। कांग्रेस के प्रधान मल्लिकार्जुन खडग़े दिल्ली में बुढ़ापा नृत्य करते रहे कि जम्मू कश्मीर में इंडी गठबंधन जीत गया है, लेकिन उमर ने अपने मंत्रिमंडल में कांग्रेस को शामिल ही नहीं किया। अलबत्ता राहुल गांधी ने यह भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर की कि जब तक जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक उनकी पार्टी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी। कश्मीर से सकीना इट्टू को मंत्री बनाया गया है। कश्मीर से दूसरे मंत्री जावेद अहमद डार मंत्री बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री समेत कश्मीर संभाग से तीन सदस्य हैं। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग में संतुलन बनाने का प्रयास किया है। राजौरी जिला में उनकी पार्टी के सुरेन्द्र चौधरी जीते थे। उनको राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह अलग बात है कि चौधरी पीडीपी से शुरू करके, भाजपा से होते हुए नैशनल कान्फ्रेंस तक पहुंचे हैं। पुंछ जिला से नैशनल कान्फ्रेंस के ही जावेद अहमद राणा मंत्री बनाए गए हैं। इस प्रकार पीर पंजाल से दो मंत्री हो गए। लेकिन जम्मू के मैदानी इलाकों का क्या किया जाए? उमर इसे छोड़ सकते थे।

दृष्टि कोण

## धर्मपुर में राज्य स्तरीय स्कूली खेल

**मंडी** जिले का दूरदराज उपमंडल धर्मपुर बिना खेल मैदानों के खेल में काफी पिछड़ा है। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर के प्रयासों से पहले बाबा कमलाहिया के आंचल में बने राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के खेल मैदान को विकसित किया गया और फिर पिछले सप्ताह अंडर चौहद वर्ष आयुवर्ग बालकों के राज्य स्तरीय खेलों का सफल आयोजन भी करवाया गया, जहां शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शुभारंभ व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा समापन पर मुख्य अतिथि थे। खेलें आज के आधुनिक युग में मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। खेल किसी सभ्यता के लिए कितने जरूरी हैं, इस बात का अंदाजा मनुष्यों को रोज मिलने वाली सूचनाओं से भी पता चलता है। समाचारपत्रों में प्रतिदिन एक पूरा पृष्ठ खेल समाचारों के लिए होता है। ओलंपिक खेलों की पदकतालिका से किसी भी देश की तरक्की व खुशहाली का पता आसानी से चलता है। संसार के विकसित देश ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते देखे जा सकते हैं। अमेरिका सहित क्रमशः सभी विकसित देश पदकतालिका में शीर्ष पर मिलते हैं। हमारे देश में भी जो राज्य हर प्रकार से समृद्ध हैं, वे खेलों में भी अग्रणी हैं। आज जब गांव का जीवन खत्म होकर शहरीकरण होता जा रहा है, इससे शारीरिक श्रम बिल्कुल खत्म हो रहा है। इसलिए सामान्य फिटनेस के लिए अधिक से अधिक खेल सुविधाओं की जरूरत बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। हिमाचल प्रदेश के बजट में इसलिए भी खेल क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए बहुत ज्यादा धन की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा वर्षों से तैयार पड़ा-पड़ा खंडहरों में तबदील हो रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रशिक्षकों की नियुक्ति के मामले में भी खेल विभाग बहुत पीछे है। विभाग के पास बहुत कम प्रशिक्षक हैं, कई खेलों में तो पूरे जिला स्तर पर एक भी प्रशिक्षक नियुक्त नहीं है। इस बजट में सौ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों व इतने ही मैदान कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए धन का प्रावधान होना चाहिए। बहुत अधिक खेल सुविधाओं व प्रशिक्षकों की नियुक्ति इसलिए भी जरूरी हो जाती है क्योंकि आज का युवा ही नहीं, किशोरावस्था से ही हमारी आगामी पीढ़ी नशे के अंधेरे में गुम हो रही है। अधिक खेल सुविधाएं व प्रशिक्षक होंगे, तो अधिक संख्या में युवाओं को फिटनेस मिलेगी व नशे से दूरी भी बनेगी। जब बहुत अधिक खिलाड़ी मैदान का रुख करेंगे तो उन्हीं में से कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी मिल जाएंगे। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद अधिकतर खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश में महाविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थी पंजाब व अन्य पड़ोसी राज्यों के खेल विंगों का रुख अख्तियार करते हैं। हिमाचल प्रदेश के जिन जिन महाविद्यालयों में जिस खेल की सुविधा है, उस खेल का छात्रावास या विंग चलाने के लिए बजट में धन राशि इस बजट में रखी जाए। व्यक्तिगत खेलों में जो खिलाड़ी बिना किसी सरकारी सहायता के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें खेल छात्रावासों में रह रहे खिलाडियों पर होने वाले खर्च के बराबर वजीफा देने का भी प्रावधान रखा जाए। हिमाचल प्रदेश में पिछले कई सालों से पंजाब की तर्ज पर राज्य खेल संस्थान बनाने की बात हो रही है। इस खेल संस्थान का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की खेलों को ऊंचाई तक ले जाने के लिए उच्च प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर राज्य की टीमों को राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित करना व हिमाचल प्रदेश के स्कूलों-कालेजों में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों को उनके द्वारा खेले व प्रशिक्षित खेल में उच्च दक्षता हासिल करने के लिए सेमिनार आदि लगाना प्रमुख कार्य होंगे। इस तरह के संस्थान के निर्माण के लिए क्या बजट में सरकार उपयुक्त धन राशि रख रही है? जिला व राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए राज्य खेल परिषद अनुदान देती है, मगर राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की भागीदारी के लिए खेल संघों व खिलाडियों को स्वयं खर्च उठाना पड़ता है। क्या सरकार खेल संघों के अनुदान को बढ़ाने का प्रावधान कर रही है? स्कूली खेलों से भविष्य के स्टार खिलाड़ी निकलते हैं। स्कूल ही खिलाडियों की नर्सरी होते हैं। भविष्य के स्टार खिलाड़ी यहीं से निकलते हैं। हिमाचल प्रदेश के उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों से लिए गए खेल शुल्क से आयोजित करवाई जाती हैं। इन खेल प्रतियोगिताओं में धन की किल्लत आम तौर पर देखी जा सकती है। इसलिए खंड स्तर से लेकर राज्य स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के लिए धन का प्रावधान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में आधे-अधूरे पड़े खेल ढांचे को पूरा करने के लिए बजट में माकूल धन राशि का प्रावधान किया जाए। राज्य का जलवायु खेल प्रशिक्षण के लिए यूरोप व अमेरिका जैसा है। यहां पर एक अच्छा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा सकता है। देश व विदेश के खिलाड़ी यहां आकर गर्मियों में ट्रेनिंग शुल्क देकर कर सकते हैं। इससे खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बजट में ऐसी नई योजना को भी धन रखा जाए।

कुछ अलग

## अरब-इजरायल संघर्ष

**एक** अक्टूबर को ईरान की तरफ से इजरायल पर 150 से भी ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए जाने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इजरायली सेना (आईडीएफ) इसका बदला शीघ्र लेगी? गौरतलब है कि ईरान के मिसाइल हमलों के तुरंत बाद ही आईडीएफ और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा भी था कि ईरान को सही समय पर सही तरीके से जवाब दिया जाएगा और हाल के दिनों में इजरायल से जुड़ी मीडिया की कुछ खबरों से ये संकेत भी मिलने लगे थे कि इजरायल ने ईरान पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने की तैयारी पूरी कर ली है। 14-15 अक्तूबर को इससे संबद्ध आई खबरों के मुताबिक इजरायली सेना ने कथित तौर पर ईरान के उन ठिकानों की सूची भी तैयार कर ली थी, जिन पर वह तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में हमले करना चाहता था। फस्र्टपोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा 'चैनल 12' न्यूज के हवाले से किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने ईरान पर हमले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को लक्ष्यों की एक सूची सौंपी थी। साथ ही उसने यह स्वीकार भी किया था कि आईडीएफ के लक्ष्य बिल्कुल साफ एवं स्पष्ट हैं और अब वह कभी भी जवाबी हमला कर सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इजरायल ने ईरान पर हमले की योजना के बारे में अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका को भी बता दिया है, लेकिन अमेरिका को हमले के विशिष्ट लक्ष्यों पर कोई अपडेट नहीं दिया है। रिपोर्ट में इसकी वजह यह बताई गई थी कि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील होने के कारण इजरायल अंतिम समय में भी अपना लक्ष्य बदल सकता है। इस मामले में आई ताजा खबरों के अनुसार इजरायल ईरानी परमाणु तथा ऊर्जा स्थलों पर हमले करने से बचेगा। ऐसा माना जाता है कि इजरायल ने अमेरिकी विरोध के बाद अपनी योजना बदल दी, अन्यथा पहले उसकी मंशा तेहरान में परमाणु साइट तथा ऊर्जा स्थलों और बुनियादी ढांचों पर हमला करने की थी। हालांकि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह कहा गया है कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे। इन सारी बातों को लेकर अभी दुनिया भर में ऊहापोह की स्थिति कायम थी। मीडिया कर्मियों, राजनीतिक विश्लेषकों, रक्षा विशेषज्ञों एवं मध्य-पूर्व से जुड़े मुद्दों पर राय रखने वाले तमाम विशेषज्ञों द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और तभी अचानक इजरायल की ईरान पर हमले की उस योजना से जुड़ा दस्तावेज लीक हो गया, जिसके बाद दुनिया भर में इजरायल की बड़ी फजीहत हुई। गौरतलब है कि लीक हुए दस्तावेज 15 एवं 16 अक्तूबर की तारीख वाले हैं, जिन पर 'टॉप सीक्रेट' की मुहर लगी हुई है। खबरों के अनुसार 18 अक्तूबर को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के 'मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर' नामक अकाउंट पर इन्हें शेयर किया गया था। हालांकि इन दस्तावेजों के लीक होने के बाद शुरुआती दौर में ऐसा लगा था कि यह सारा मामला फर्जी है, परंतु इसी बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पुष्टि कर दी। बहरहाल, होना यह चाहिए कि अरब-इजरायल संघर्ष का अब तुरंत शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए।

देश दुनीया से

## कृषि व किसान को समृद्ध करने का मंत्र


देश में इस समय कुल 8 .55 लाख को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ हैं और इनमें 29 करोड़ लोग सीधे तौर से शामिल हैं, जिन्हें इससे रोजगार और वित्तीय सुरक्षा मिलती है। विश्व के सबसे बड़े 300 को-ऑपरेटिव में भारत के इफको, कृभको और अमूल इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। इन्होंने करोड़ों भारतीयों को न केवल रोजगार दिया है बल्कि उन्हें सम्मानजनक जिंदगी भी दी है। भारत का सहकारिता क्षेत्र कृषि ऋण देने में भी ऊंचा स्थान रखता है। भारत के कुल कृषि ऋण का 20 फीसदी इस क्षेत्र के जरिये बंटता है। कृषि उत्पादन में भी इसका बड़ा योगदान है और हमारी कुल कृषि उपज का 21 फीसदी इसी क्षेत्र से आता है। भारत की चीनी मिलों के बारे में तो सभी जानते हैं। को-ऑपरेटिव सेक्टर की चीनी मिलें कुल चीनी का 31 फीसदी उत्पादित करती हैं। गेहूं और चावल की खरीद में भी इस क्षेत्र का बड़ा योगदान है।


**भारत** को 2028 तक पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का इरादा है, और इसमें जिन तत्वों और सेक्टर के योगदान की जरूरत पड़ेगी, उनमें एक है सहकारिता क्षेत्र। यह भारतीय कृषि की रीढ़ है और इससे ही कृषि और कृषक समृद्ध हो रहे हैं। दुनियाभर में जितने भी सहकारिता संगठन हैं, उनका 27 फीसदी अकेले भारत में है, और उससे देश की कुल जनसंख्या का 20 फीसदी हिस्सा जुड़ा हुआ है। देश में इस समय कुल 8.55 लाख को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ हैं और इनमें 29 करोड़ लोग सीधे तौर से शामिल हैं, जिन्हें इससे रोजगार और वित्तीय सुरक्षा मिलती है। विश्व के सबसे बड़े 300 को-ऑपरेटिव में भारत के इफको, कृभको और अमूल इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। इन्होंने करोड़ों भारतीयों को न केवल रोजगार दिया है बल्कि उन्हें सम्मानजनक जिंदगी भी दी है। भारत का सहकारिता क्षेत्र कृषि ऋण देने में भी ऊंचा स्थान रखता है। भारत के कुल कृषि ऋण का 20 फीसदी इस क्षेत्र के जरिये बंटता है। कृषि उत्पादन में भी इसका बड़ा योगदान है और हमारी कुल कृषि उपज का 21 फीसदी इसी क्षेत्र से आता है। भारत की चीनी मिलों के बारे में तो सभी जानते हैं। को-ऑपरेटिव सेक्टर की चीनी मिलें कुल चीनी का 31 फीसदी उत्पादित करती हैं। गेहूं और चावल की खरीद में भी इस क्षेत्र का बड़ा योगदान है। निःसंदेह, इस क्षेत्र में वह क्षमता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच खरब डॉलर के लैंडमार्क तक ले जा सकता है। इसे ही ध्यान में रखकर वर्ष 2021 में एक नया स्वतंत्र मंत्रालय बनाया गया, जिसे सहकारिता मंत्रालय का नाम दिया गया। इसकी कमान गृह मंत्री के हाथों में सौंपी गई। मंत्रालय का जोर कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के अलावा उसे सशक्त बनाने पर है और उसमें उसे सफलता मिल रही है। इस मंत्रालय ने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य सामने रखा है और वह देश की दो लाख पंचायतों में अगले पांच वर्षों में बहूद्देशीय प्राथमिक क्रेडिट सोसायटियों यानी पैक्स का गठन करने के महत्वपूर्ण कार्य में जुटा हुआ है। इनमें से अब तक 12,000 से भी ज्यादा का पंजीकरण हो चुका है और शेष इसी रास्ते पर हैं। दरअसल, सहकार से समृद्धि का जो विजन रखा गया है उसके लिए देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में यह स्थायित्व को बढ़ावा दे, जो आगे चलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इन नये पैक्स, डेयरी तथा मत्स्य पालन सहकारिता सोसायटीज को हर पंचायत में गठित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। सहकारिता मंत्रालय ने नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी के साथ मिलकर उन पंचायतों में, जो अभी इसके अंतर्गत नहीं आई हैं, बड़ी संख्या में छोटे तथा सीमांत किसानों को जोड़ना शुरू कर दिया है। इसका ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जबर्दस्त असर पड़ेगा। प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसायटीज को 300 तरह की ई-सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिनमें बैंकिंग, बीमा, आधार पंजीकरण और उनके अद्यतन की व्यवस्था है। अगले पांच वर्षों में मंत्रालय 70,000 नये बहूद्देशीय पैक्स गठित करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसके अलावा, वह बड़े पैमाने पर नये बहूद्देशीय डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटीज और 6,000 नये मत्स्य पालन को-ऑपरेटिव भी स्थापित करना चाहता है। वर्तमान के 46,500 डेयरी को-ऑपरेटिव और लगभग 5,500 मत्स्य पालन को-ऑपरेटिव भी मजबूत किये जायेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित कई स्कीमों की मदद ली जायेगी। इसके साथ ही 25,000 नये पैक्स, डेयरी और मत्स्य को-ऑपरेटिव गठित करके राज्य सरकारें भी इस दिशा में योगदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र ने सहकारिता का वर्ष घोषित किया है। उस साल का थीम होगा—को-ऑपरेटिव बनाते हैं एक बेहतर दुनिया। इसके लिए राजधानी दिल्ली में नवंबर महीने में इसका बाकायदा उद्घाटन होगा। भारत को-ऑपरेटिव सेक्टर में सबसे बड़ी विकेन्द्रित अनाज भंडारण योजना पर काम कर रहा है। इसमें 27 राज्य और केन्द्रशासित राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के सभी बड़े को-ऑपरेटिव फेडरेशन आयेंगे। इसने व्हाइट रिवोल्यूशन 2.0 को भी सभी के सामने रखा है। यह नई श्वेत क्रांति महिलाओं का सशक्तीकरण करेगी, रोजगार बढ़ायेगी और सहकारिता का दायरा फैलायेगी। ऐसी योजना है कि पांचवें वर्ष तक डेयरी को-ऑपरेटिव ही अकेले 1,000 लाख किलोग्राम दूध हर दिन इकट्ठा करें। इससे गोपालकों की आय बढ़ेगी और रोजगार भी बढ़ेगा। सहकारिता मंत्रालय की कोशिश है कि भारत दुग्ध प्रसंस्करण उपकरणों का सबसे बड़ा निर्माता भी बने। सहकारिता मंत्रालय अन्नदाताओं को ऊर्जादाता बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। अगर किसानों को इस दिशा में प्रेरित किया जा सकेगा तो वे 10 लाख करोड़ रुपये तक के इम्पोर्ट बिल को कम कर सकते हैं। इसके लिए किसान कृषि अवशेषों से ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार करें।

आप का नजरीया

## समरसता की सोच

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने अपने दो अहम फैसलों में स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। साथ ही यह भी कि भारतीय संदर्भ में यह सोच सदा से रची-बसी रही है। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने अपने दो हालिया फैसलों के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या की है। पहले बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया। वहीं अदालत ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता को लेकर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या नहीं की जा सकती। कोर्ट का निष्कर्ष यह भी था कि संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़े जाने से पहले भी यह भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण सोच रही है। अदालत का कहना था कि समानता व बंधुत्व शब्द इसकी मूल भावना को ही अभिव्यक्त करते हैं। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये कहा। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है। वहीं दूसरी ओर बीते मंगलवार को शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द करने के फैसले को भी अनुचित ठहराया। इसके बजाय कोर्ट ने ऐसे कदम उठाने की जरूरत बतायी जो मदरसों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ सकें। कोर्ट को मानना था कि ऐसे मामलों की की गई संकुचित व्याख्या से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इससे पहले संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से तल्ख सवाल भी किए थे। कोर्ट न जानना चाहा कि क्यों उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परहेज है। इस बाबत याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परेशानी नहीं है। उन्हें राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक लक्ष्यों के लिये कालांतर संविधान संशोधन के जरिये इस शब्द को शामिल करने पर आपत्ति है। दरअसल, अदालत का कहना था कि भारतीय जीवन दर्शन में इस सोच का गहरे तक अंगीकार किया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## अफीम पट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगड़ा पंचायत के एकता गाँव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चनारिक गंझु के 22 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र कुमार गंझू को 1.225 केजी अफीम पट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।वही अभियुक्त के खिलाफ कुंदा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 52/2024 मे मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही पुलिस की कार्रवाई से अफीम तस्करों में एक बार पुनः हड़कंप मच गया है ऐसा माना जा रहा है की अफीम तस्करों के खिलाफ यह करवाई कुन्दा पुलिस की बड़ी सफलता है इससे क्षेत्र में अफीम तस्करी पर लगाम लगाने में पुलिस को मदद मिल सकता है।छापामारी अभियान में कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार समेत थाना बल के जवान शामिल थे।

# नामांकन के 10 वें दिन स्क्रुटनी में 11 प्रत्याशियों का नामांकन सफल

### सिमरिया अज 26 से 11 प्रत्याशी आजमाएंगे अपना अपना भाग्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया विधानसभा अज 26 के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन कराया था। नामांकन के 10 वें स्क्रुटनी में सभी नामांकित प्रत्याशियों का नामांकन सही पाया गया। जिसमें जेएम एम सह महागठबंधन के मनोज चंद्रा, एनडीए भाजपा गठबंधन के उज्वल दास, बहुजन समाज पार्टी से रामोतार राम, शंकर रजक निर्दलीय, जितेंद्र कुमार जेएलके एम पार्टी, सीपीआई पार्टी सुरेश कुमार, सदानंद भुइंया निर्दलीय, बिनोद कुमार निर्दलीय, विकाश कुमार निर्दलीय, विनय कुमार निर्दलीय, लालकिशोर दास झारखंड पार्टी का नाम शामिल है। अब स्क्रुटनी के बाद नाम वापसी में कितने प्रत्याशी अपना नाम वापस लेते हैं ।यह अगले 30 अक्टूबर को हीं पूरा मामला सामने आएगा। वैसे चुनाव मैदान में अभी 11 प्रत्याशियों का नाम शामिल है। कौन है विजेता। किसके सर पर सजेगी ताज, छुपा है मतदाताओं के पास राज। वैसे सभी प्रत्याशी अपना अपना नामांकन दो दो सेट में निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया था। इस तरह कुल सिमरिया विधान सभा अज 26, 2024 के लिए 11 प्रत्याशी किस्मत आजमाएंगे। अब देखना यह होगा कि कुर्सी एक दावेदार अनेक किसके सर पर सजेगी सेहरा। यह ताजपोशी सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के मतदाता 13 नवंबर को अपना कीमती वोट देकर किसी एक को अपना अपना मत देकर ताजपोशी करेंगे।

## बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को पिडीएमएस एप की दी गई जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में बिएलओ एवं बिएलओ सुपरवाइजर को सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया। यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण दिलवा रहे +2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह मिडिल स्कूल गिद्धौर के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय द्वारा बताया जा रहा था। इन लोगों ने बतलाया कि पीडीएमएस ऐप के तहत सभी बीएलओ को अपने-अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर लोगों को जानकारी देनी है।ताकि मतदान केंद्र में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सके।और ज्यादा भिड़ एकत्रित नहीं हो। मौके पर उपस्थित बीपीआरओ दिगंबर पांडेय पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा प्रियंका प्रिया एवं बिएलओ एवं बिएलओ सुपरवाइजर सुनीता कुमारी उषा देवी कविता कुमारी कस्तूरबा कुमारी रीता देवी रवीना कुमारी चंचल कुमारी कांति सिंह गुड़िया कुमारी रेणु कुमारी एवं कालजनों लोग उपस्थित थे।

## नवविवाहिता महिला का इलाज के दौरान हुई मौत





**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत के जोकाही गांव की एक नव विवाहित महिला ने तेल छिड़क कर आत्महत्या करने का प्रयास कीया। परिजनों ने इलाज के लिए रांची रिम्स ले गया।जहां इलाज के दौरान नव विवाहित महिला की मौत हो गई।महिला का शव एंबुलेंस के माध्यम से जोकाहीं गांव पहुंचा।इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही गिद्धौर पुलिस सोमवार जोकाही गांव पहुंच मामले की जानकारी जुटाते हुए मृतक महिला के पति को अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया कि मृतक नव विवाहित महिला सुनील राम की 22 वर्षीय पत्नी अस्मिता देवी है। मृतक महिला के पिता चौपारण थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी वासुदेव भुइंया ने अपनी पुत्री को तेल छिड़ककर आग लगा के हत्या करने के आरोप में थाना में आवेदन दिया है। बताया गया कि सुनील बीते शुक्रवार के देर शाम मजदूरी कर घर आया।इसी बीच पति-पत्नी में तू तो मैं में हो गई। जिसे गुस्सा में पत्नी ने केरोसिन तेल छिड़क कर आग लगा ली। परिजनों ने इसे इलाज के लिए रांची रिम्स ले गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में हंटरगंज के तीन बेटियों ने लहराया परचम

### तीनों बायोमेंनिया हंटरगंज कोचिंग सेंटर की छात्राएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तीन बेटियों ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में परचम लहरा कर ना सिर्फ़ बायोमेनिया कोचिंग सेंटर का नाम रौशन किया बल्कि चतरा जिले का नाम भी रौशन किया है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व 29/09/2024 को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा दी जिसका परिणाम आया जिसमें तीनों ने सफलता हासिल की है तीनों छात्रा इसका श्रेय अपने माता - पिता और बायोमेंनिया कोचिंग निदेशक राकेश सर को दिया है। छात्रों ने बताया कि राकेश सर की गाइडलाइन से हमलोगो को इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। वही निदेशक राकेश सर ने छात्रों को बधाई देते हुवे बताया कि बच्चियों के कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल हुई है उन्होंने असफल छात्रों से भी अपील की मेहनत जारी रखे आप भी एक दिन जरुर सफल होंगे आगे बताते हैं कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।राकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि वैसे छात्र-छात्रा जिनके माता-पिता की आर्थिक स्थिति खराब है और वैसे बच्चे जो प्रतिभा योग्य हैं उन्हें हमारे संस्थान में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी वही पठन - पाठन करने वाली सामाग्री भी निःशुल्क दी जाएगी ताकि गरीब बच्चों की गरीबी शिक्षा बाधा ना बन सके।दिव्या कुमारी पिता अनुज सिंह झिकटिया निवासी, आशु कुमारी पिता संजय प्रसाद गुप्ता भोंदल निवासी, सुप्रिया कुमारी पिता प्रभात कुमार झिकटिया निवासी है।


# पीएम आवास में पंचायत सेवक और मुखिया का बड़ा घोटाला

**आवास बना नहीं 2023 में हो गया पूर्ण, मामला को छिपाने के लिए छपरी तैयार**

**लाभुक को मिला 40 हजार, मुखिया और पंचायत सेवक खाये 90 हजार**

**राजस्व प्रतिवेदन आरायातु का फिलहाल छपरी बनाया गया है दहागढ़ा में**

**अबूआ आवास में भी ली गई है 15 हजार, श्रमिक कार्ड में 3 तीन हजार**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानों पंचायत में बहुत हीं बड़ा घोटाला पीएम आवास में करने का मामला सामने आया है। जिसमें सबानों पंचायत के हीं आरायातु गांव के रामकुमार पासवान पिता पुरन पासवान का पीएम आवास 2019/2020 में पास किया गया था। एकरार नामा के बाद रामकुमार पासवान के खाते में 29 सितम्बर 2019 को 40 हजार प्रथम किस्त पंचायत सेवक सुरेश साहू द्वारा दे दी जाती है । दूसरी किस्त 19 मार्च 2023 को 85 हजार रुपए दे दी जाती है। दूसरी किस्त के जिओ टैग में अर्धनिर्मित मकान सेटरिंग करते दिखाया जाता है। वहीं फाइनल करने के दौरान करकेट उक्त शेड में खुद मुखिया नरेश साहू खड़ा होकर फोटो दिखा कर अंतिम किस्त 10 अप्रैल 2023 को 5 हजार रुपए खाते में डाल कर फाइनल कर दिया गया है। जबकि सच्चाई यह है कि पीएम आवास बना हीं नहीं। मामले की जानकारी जब पत्रकारों को हाथ लगी तो इसकी जांच गहनता से की गई। जांच में रामकुमार पासवान टंडवा में अपने पत्नी के साथ मजदूरी कर जीवन गुजर बसर करते वर्षो से आ रहे हैं। आरायातु में पैतृक घर पक्का का है किंतु दो भाइयों में आपसी बनाव नहीं होने के कारण रामकुमार पासवान वर्षो से टंडवा में रह रहा है। रामकुमार पासवान निःसंतान है। जिसका फायदा उठाते हुए रामकुमार पासवान को बोला गया था कि आपको मात्र 40 हजार रुपए दिया जाएगा और आवास नहीं बनाना है। ना हीं आपको आने जाने की जरूरत है। बाकी सब हम खुद कर लेंगे। और वही किया गया है। चुकी लाभुक रामकुमार पासवान के जगह मुखिया खुद खड़ा होकर करकेट युक्त शेड दिखाया गया है। इस तरह का मामला सबानों पंचायत में एक नहीं है दर्जनों है जो जमीन पर आवास बना नहीं और राशि निकाल कर सरकारी रुपए का गमन कर ली गई है। और तो और वर्तमान में अबूआ आवास योजना में लाभुको से 15-15 हजार रुपए की उगाही मुखिया द्वारा की गई है वहीं श्रमिक कार्ड बनाने में 3-3 हजार रुपए की उगाही की गई है। मामले को जब अखबारों या चैनल के माध्यम से प्रकाशित की गई तो आनन फानन में मुखिया नरेश साहू ने दहागढ़ा में करकेट युक्त जैसे तैसे छपरी बना मामले को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे में यदि गहनता से जांच नहीं की गई तो आने वाले दिनों में लाभुक आवास से वंचित हो जाएंगे और गरीबों के लिए महत्वकांक्षी योजना सरकार का धरा का धरा रह जाएगा और ऐसे बिचौलियों का आतंक बढ़ता जाएगा। ग्रामीणों ने उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच कर उचित कारवाई की मांग की है।

## बिजली की उचित आपूर्ति नहीं होने से हरातू के ग्रामीण ढीबरी युग में जीने को विवश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड के हरातू पंचायत में बिजली आपूर्ति की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा की सरकार बनी तो बिजली तो दे दिया परन्तु अधिकारीयों की लापरवाही के कारण हमलोगों को बिजली महिने में सप्ताह दिन भी नसीब नहीं हो पा रही है, हमलोग आज भी ढीबरी जला कर ही काम चला रहे हैं, और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को तो कोई मतलब ही नहीं है सभी चांदी काटने में लगे हुए हैं। लंबे समय से बिजली की अनियमितता और कटौती के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जबकि किसान भी सिंचाई के लिए समय पर बिजली न मिलने से परेशान हैं।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप करने और सुचारू बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर हो सकते हैं।

## राज्य स्तरीय योगा चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दीपू लोहरा को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी निवासी सुंदर लोहरा के पुत्र दीपू लोहरा योगा चैंपियनशिप में रांची के डीएनडी इंटर स्कूल योगा में 14 से 18 वर्ष आयु अंतर्गत प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया। प्रथम स्थान आने के पश्चात् सील्ड, ट्रॉफी व नगद राशि देकर दीपू को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय योगा चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर क्षेत्र मे खुशी का माहौल बना हुआ है। दीपू लोहरा गरीब परिवार से है जिन्हें प्रशांत सिंह ने प्रशिक्षण देकर बढ़ावा देने मे अहम योगदान दिया है। साथ ही आर्य प्रहलाद दीपू को योगा प्रतियोगिता मे शामिल करवाते हैं। इसके पूर्व भी प्रखंड व जिला मे प्रथम स्थान लाकर प्रखंड मे अपना क्षेत्र का नाम रौशन किया था।शील्ड जितने की सूचना पाकर आदिवासी लोहरा समाज के समाजसेवी राजू रामवृक्ष लोहरा, राजेश लोहरा, रामप्रीत लोहरा, प्रवीण लोहरा, दीपक लोहरा, लालमनी देवी, सुनीता कुमारी सहित अन्य लोहरा परिवारों ने दीपू को मिठाई खिलाकर व सॉल से सम्मानित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आदर्श आचार संहिता का अनुपालन को लेकर प्रशासन अलर्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है जिसका सख्ती से अनुपालन करना सभी पार्टियों का दायित्व है ऐसे में आदर्श आचार संहिता अनुपालन हो इसके मद्देनजर सोमवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा बरवाडीह और छिपादोहार थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग चलाई जा रही है।चेकिंग अभियान में सर्किल इंस्पेक्टर संजय कु गुप्ता, मजिस्ट्रेट अंचल निरीक्षक सुरेश राम व एएसआई रविन्द्र कुमार समेत अन्य जवान शामिल है।इस दौरान मजिस्ट्रेट सुरेश राम ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना प्रमाण के या अनावश्यक रूप से भारी मात्रा में नकद रुपये या आर्म्स लेकर भ्रमण करने से बचें । वहीं उन्होंने कहा है कि अभी आदर्श आचार संहिता के दरमियान चुनाव को प्रभावित करते हुए अगर पैसे का लेनदेन किया गया तो वह सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन होगा ऐसी स्थिति में ऐसे लोगों के साथ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## इरफान अंसारी के बयान की भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने कड़ी निंदा की




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल कार्यालय के समीप भाजपा के लातेहार विधानसभा उम्मीदवार प्रकाश राम ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी द्वारा दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बयान ना केवल सीता सोरेन की बल्कि पूरे महिला वर्ग की अपमान है। इस घटना को लेकर प्रकाश राम ने हेमंत सोरेन की सरकार पर भी सवाल उठाए हैं, यह पूछते हुए कि राज्य में मंत्री पद पर आसीन व्यक्ति की महिलाओं के प्रति ऐसी सोच कैसे हो सकती है। श्री राम ने कहा कि यदि राज्य सरकार वास्तव में महिलाओं का सम्मान करती है, तो उसे तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और इरफान अंसारी को मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। उनका मानना है कि इस तरह के बयान से समाज में गलत संदेश जाता है और यह महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर सीधा आघात है। प्रकाश राम ने यह भी कहा कि महिलाओं के प्रति ऐसे बयान अस्वीकार्य हैं और सरकार को इस मुद्दे पर कठोर कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा कोई मंत्री महिलाओं के खिलाफ असम्मानजनक भाषा का प्रयोग न करें।

## बालूमाथ पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब किया बरामद

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है।लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारा गांव में छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारा गांव में एक प्रज्ञा केंद्र के संचालक शिवदयाल कुमार महतो के घर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है और वहां भारी मात्रा में अवैध शराब भी स्टॉक करके रखा गया है।सूचना के बाद एक टीम का गठन कर छापेमारी किया गया जहां पुलिस को देखकर दुकानदार वहां से फरार हो गया। पुलिस ने दुकान में जब सर्च अभियान चलाया तो वहां से 105 बोतल विभिन्न ब्रांड अंग्रेजी शराब तथा 122 बोतल बीयर बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने अवैध शराब को जप्त कर लिया और दुकान को सील कर दिया। वहीं इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 124/24 धारा 274,275 बीएनएस 2023 एवं 47 ए झारखंड उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।वहीं पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है कि अवैध शराब चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए तो नहीं रखा गया था। छापामारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर परमानन्द बिरुआ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, सिंह, एसआई होसेन डांग, सत्यदेव कुमार, ए.एस.आई संजय चौधरी समेत पुलिस के अधिकारी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में सैफ के जवान की मौत, हत्या की आशंका



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के परहाटोली पंचायत के ग्राम विश्रामपुर के सैफ जवान येशुसहाय किंडो की मौत सड़क दुर्घटना में रविवार देर रात को हो गई। जवान फिलहाल सैफ के हेडक्वार्टर रांची में कार्यरत थे।घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जवान अपनी पत्नी के पास से अपने घर विश्रामपुर आ रहा था।इस दौरान लातेहार और गुमला सीमा पर महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुरूंद- नवाटोली के जरागी सड़क में एक अज्ञात व्यक्ति का शव झाड़ियों में बरामद किया है।जिसकी जानकारी महुआडांड़ थाने को दी गई। तब जाकर उसकी पहचान सैफ जवान येशुसहाय किंडो के रूप हुई। शव के पास एक टीवीएस मोटरसाइकिल (जेएच- 07-जी 9981) पड़ा हुआ मिला। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी।इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि पुलिस हर पहलुओं पर गहन जांच पड़ताल कर रही है।बताते चलें कि मृतक की पत्नी गुमला जिला के डुमरी प्रखंड के जरागी गांव में नर्स के रूप में कार्यरत हैं। वहीं मौत की खबर से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# गला रेतकर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुरो कला गांव में बीते शाम अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला रेतकर सचिंदर यादव पिता शिवदत महतो (20) वर्ष की हत्या कर दी गई। मृतक नेतरहाट थाना क्षेत्र के सिरसी (करमखाड़ ) ग्राम का रहने वाला है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महुआडाड़ में पिछले तीन साल से किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था।अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए प्रखंड मुख्यालय गेट के सामने एक फोटो कॉफी की दुकान में काम भी करता था। वहीं मकान मालिक नितेंदर यादव ने बताया कि वह अकेले घर में रहता था वे परिवार के साथ नैना गांव में रहते हैं। वन विभाग में काम करते हैं। रविवार को मीटिंग के लिए वह महुआडांड़ आये थे।देर हो जाने की वजह से गांव नहीं लौट पाये। रविवार रात जब वो घर पहुंचे तो दरवाजा खोलकर अंदर गये तो देखा कि सचिंदर यादव का शव पड़ा है,कहा कि गला रेता हुआ था, लेकिन खून की एक बूंद भी आसपास नहीं थी। इसके बाद इसकी जानकारी नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामबिशुन नगेसिया को दी गई तो वे तुरंत महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार को एक घर से शव मिलने की सूचना दी घटना की सूचना पाकर देर रात ही महुआडांड़ एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया और थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आये। इसके बाद सुबह में शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।शव को देखकर लगता है कि सचिंदर की कहीं और हत्या की गयी और उसके बाद उसके शव को यहां लाकर रख दिया गया है।

# डीवीसी तुबेद कोयला खान में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को दामोदर घाटी निगम,तुबेद कोयला खान में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लिया गया। दामोदर घाटी निगम द्वारा 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय है सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृधि। यह सप्ताह भ्रष्टाचार मुक्त कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जा रहा है। सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) अरबिंद कुमार ठाकुर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी।वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) ने बताया कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए। सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा कि शपथ हिन्दी और अंग्रजी दोनों भाषाओं में ली। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (खनन) मनीष कुमार, प्रबंधक उमेश कुमार सहित डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हजारीबाग सदर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी ने आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सदर पूर्वी मंडल में किया दौरा

▶रोटी, बेटी, माटी की पुकार झारखंड मे आ रही भाजपा सरकार

▶जनता का सेवक हूँ, हमेशा सेवा मे तत्पर रहूँगा : प्रदीप प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के सदर पूर्वी मंडल के कोलघटी, मंडई कला ,मंडई खुर्द, सियारी, नगवाँ चुरचू, सिंदूर, करकरी, अमृतनगर, जगदीशपुर, बड़ासी, डंडई कला, अमनारी शेखा, केसुरा, रोला सहित दर्जनों गाँवों मे आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनाने की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुवे कहा कि जनता का सेवक हूँ और निरंतर सेवा जारी रहेगा। जनता मन बना चूँकि है पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। समृद्ध व खुशहाल हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया। इस आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चन्द्रवंशी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, पुर्वी मंडल अध्यक्ष व अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता , पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, कमल गोप, कुमुद गुप्ता, विजय साहु, पूर्व मुखिया चौधरी साव, मंडल कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य कौलेश्वर रजक,मंडल उपाध्यक्ष राजु महतो, हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि केसरी, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष व पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष अगिसर महतो, महिला जिला उपाध्यक्ष भानुमति पासवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता व मुखिया दिनेश कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश प्र. कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुखिया चौधरी साहु, शिवपाल यादव, अजीत पासवान, रामअवतार शर्मा, पूर्व मुखिया अनूप ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद मेहता सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# झामुमो विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटि का बैठक सम्पन्न, कार्यकर्ताओं को मिले सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ :** झामुमो प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति के करोंज मोड़ आवास में झारखंड मुक्ति मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड की महत्वपूर्ण बैठक की गई,जिसकी अध्यक्षता झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने की तथा संचालन झामुमो प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। परन्तु सभी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ 3 दिनों के अंदर वार्ता करनी होगी,और अगर ऐसा नही होता है,बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेम्ब्रम, संजय पटेल ,मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, महादेव मुर्मू ,पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष शंकर महतो विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास,मोहन महतो, डालचंद राणा, चंद्रशेखर महतो, अमीर शेख, पवन पासवान, दिलीप सिंह, करमेली मियां,बाबूचंद मांझी , सिंगर मनोज झारखंडी, तूफानी अंसारी,आफताब अली,बाबूलाल मुर्मू, लखन भाई पटेल, डीएम राज, रवि यादव,प्रभु हांसदा,विकाश सोनी इकराम अंसारी,राज कुमार,राजीव कुमार,दिलीप कुमार, लीलो महतो, राजेंद्र मंडल,राजू महतो,शमीम अंसारी सुबोध यादव, नरेश महतो पवन महतो,भोला महतो समेत भारी संख्या में सभी पंचायत के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मांडू विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जे पी पटेल ने किया नामांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चरही :** चरही बिरसा ग्राउंड मे इंडिया गठबंधन के द्वारा नामांकन एवं जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमे इंडिया गठबंधन के सभी नेता एवं कार्यकर्तृता उपस्थित होकर एक जुटता का पैगाम देते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जे पी पटेल को अस्वथ किये कि हमलोग मांडू विधानसभा चुनाव भारी मतों से विजय होंगे।हम सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्तृता पुरे ईमानदारी से कार्य करके जिताने का काम करेंगे। इसी बीच मांडू विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने अपना नामांकन हजारीबाग समाहरणालय में दाखिल करने अपने आवास और मांडू विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ निकले। इससे पहले अपने माता से आशीर्वाद लिया नामांकन के बाद चरही बिरसा ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ। सर्वप्रथम उन्होने अपने पैतृक आवास पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और पद यात्रा करते हुए।विष्णुगढ़ पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं उनके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी, राजद पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेता भी शामिल हुए। मांडू विधानसभा में एक बार फिर वामदल वापसी की तैयारी में जुटे हैं। पूरी पार्टी के साथ मांडू विधानसभा से चरही बिरसा मैदान में जनसभा किया गया हैं।

# डीवीसी ने सतर्कता संबंधी जागरूकता लाने हेतु कई कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** केन्द्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार डीवीसी हजारीबाग परियोजना द्वारा हजारीबाग जिला में सतर्कता संबंधी जागरूकता लाने हेतु जिला में दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 से 02 नवम्बर, 2024 के बीच कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । आज दिनांक 28/10/2024 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) -सह- परियोजना प्रधान एवं विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य- अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया । विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्मिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सतर्कता जागरूकता ही कुशल प्रशासन का आधार है। इस अवसर पर



हजारीबाग के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से सतर्कता की अवधारणा और इसके महत्वो पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसका मुल्यांकन मनमथ नाथ मिश्र, आकाशवानी एवं सतीश गुप्ता, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय ने किया । समारोह का समापन सभी उपस्थित अतिथियों, कार्मिकों और छात्रों की सहभागिता के साथ हुआ, जोकि कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक रहा।

# जेएलकेएम पूरी मजबूती से चुनाव लड़कर जीतेगी माण्डू विधानसभा : बिहारी महतो

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डू विधानसभा के जेएलकेएम प्रत्याशी बिहारी महतो का कल करीब आठ बजे औपचारिक दौरे के तहत विष्णुगढ़ आगमन हुआ। आगमन के पश्चात बिहारी महतो ने रमुआ दुर्गा मंदिर में माता के समक्ष उपस्थित होकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान बिहारी महतो का कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। मेरे औपचारिक दौरे में ही विष्णुगढ़ के तमाम जेएलकेएम उम्मीदवार आज मेरे साथ है,और मेरे कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव में मेरे साथ रहेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा केन्द्रीय उपाध्यक्ष लीलावती देवी,केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ,जिलाध्यक्ष सरयू साव,जेएलकेएम वरिष्ठ नेता जयप्रकाश सिंह पटेल, युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार,प्रखण्ड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो,सुरेश कुमार महतो,प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार,नंदलाल महतो,सुजीत कुमार,सचिव गंगाधर कुमार, नरेश महतो,कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार,संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार,संजय महतो,निर्मल महतो, शंकर महतो समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पत्नी की हत्या मामले में बरही पुलिस ने पति को भेजा जेल



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही पुलिस ने सोमवार को अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि सूचना मिली की डापोक पंचायत के ओरपरता गांव निवासी अमित कुमार यादव के द्वारा अपनी पत्नी को लोहे के रॉड से मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना का सत्यापान एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस पदाधिकारी को ग्राम ओरपरता भेजा गया तथा मृतिका हेमा यादव के शव को मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। आवेदन प्राप्त कर बरही थाना कांड संख्या-435/24, के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# झुंड से बिछड़ा हाथी हुआ बीमार, चलने में असमर्थ, बड़कागांव के जंगल को बनाया अपना आशियाना

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत आंगो जंगल में एक हाथी ग्रामीणों को नजर आया। ग्रामीणों का कहना है कि यह वही हाथी है जो अपने साथियों के झुंड से बिछड गया है। यह हाथी कई दिनों से लगातार बीमार चल रहा है। जिससे वन विभाग के द्वारा डॉक्टरों की टीम बुलाकर इलाज करवाया जा रहा है। बताया गया कि इसके अगले दाहिने पैर में सूजन हो गया है जो इलाज से ठीक हो गया। लेकिन बायां पैर में पुनः सूजन हो जाने से बीमार हो गया है और खाना पीना सही से नहीं खा पा रहा है, और सही ढंग से चल फिर भी नहीं पा रहा है। फिलहाल इलाज के बाद कुछ सुधार हुआ है।फिलहाल बड़कागांव के घने जंगल को अपना आशियाना बनाए हुए है। लोग हाथी से भयभीत नहीं है बल्कि कई ग्रामीण के द्वारा मक्का, गन्ना , गुड़ केला आदि खिलाया जा रहा है। दिन भर इस बीमार हाथी को देखने को लेकर आसपास के ग्रामीण देखे जा रहे हैं।वन विभाग के कर्मी काफी सूझबूझ के साथ इस पर लगे हुए है। फिलहाल अभी यह हाथी आंगो जंगल में विश्राम कर रहा है।



# सैकड़ों समर्थकों के साथ मुन्ना सिंह का गांव-गांव दौरा, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सोमवार को सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भव्य जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने तरबा, खरबा, हुटपा, लखइया चौक, बानाहप्पा, चाया, पुंदरी, मेरु, अंबाडीह, अमनारी, डंडई (कला, खुर्द), बड़ासी, जगदीशपुर, भेलवाटांड़, शेखा, केसुरा, सिलवारकला, सिलवारखूर्द, रोला, अमृत नगर, तथा सिंघानी गांव का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने हुटपा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। विशेष रूप से, इस जनसंपर्क अभियान में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिल रही है। ग्रामीण महिलाओं ने मुन्ना सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में एक नए बदलाव की उम्मीद जताई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन मुन्ना सिंह के नेतृत्व में शानदार रहेगा।



# निर्दलीय उम्मीदवार बटेश्वर प्रसाद मेहता ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार बटेश्वर प्रसाद मेहता ने पुनाई, बसरिया, लुंदरू, देवकली, साथ ही दर्जनों गांवों में जन सम्पर्क अभियान चलाया जिसमें हजारों की संख्या में जन समर्थन प्राप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से सुमन देव, ललन देव, राजेंद्र महतो, अर्जुन राणा, विक्रांत कुमार शर्मा, मोहम्मद शहजाद, रमेश सिंह, सुरेश प्रसाद, महेश कुशवाहा,इश्वर महतो, श्री राणा, राजकुमार सोनी,अजय कुमार, संग हजारों सामिल हुए और सहयोग का आश्वासन दिया.



# विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आर्ट 81 इलेक्शन फेस्टिवल सह मेला का आयोजन

▶आर्ट 81 फेस्टिवल में अनेक शानदार कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

▶परिवार के सदस्यों के साथ आर्ट 81 फेस्टिवल में शामिल होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाएं : जिला निर्वाचन पदाधिकारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप सेल के द्वारा आर्ट 81 आधारित फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 29 और 30 अक्टूबर को स्थानीय गांधी मैदान में वृहत कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग के कला प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान कर रहा है। तो अगर आप एक अच्छे डांसर, गायक, चित्रकार, रंगोली या मेहंदी कलाकार हैं तो दिनांक 29 और 30 अक्टूबर को गांधी मैदान मटवारी हज़ारीबाग आयोजित हो रहे इस प्रतियोगिता में भाग लें जिला प्रशासन चयनित प्रतिभागीयों को पुरस्कृत भी

# भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा कार्यकताओं का हुआ संयुक्त कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनडीए गठबंधन के भाजपा, आजसू,जदयू और लोजपा के बड़कागांव प्रखण्ड कमिटी का संयुक्त कार्यशाला सह चुनाव अभियान के लिए संयुक्त बैठक बड़कागांव विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार रौशनलाल चौधरी के आवास मे सम्पन्न हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने इस बार राज्य सरकार के भ्रष्टाचार और बड़कागांव के वर्तमान विधायक के कुशासन को उखाड़ फेंक कर एनडीए के संयुक्त उम्मीदवार रौशनलाल चौधरी को प्रचण्ड वोटो से जिताकर झारखण्ड मे सबसे अधिक वोटो से जितने वाला विधायक बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख सह भाजपा के वरिष्ठ नेता टूकेश्वर प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु, अनिकेत नायक, नागेश्वर तुरी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता गानेश्वर शर्मा, किशोर राणा, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, रामचंद्र साव, जिला सचिव गिरेन्द्र कुमार, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, तापस % भाजपा महामंत्री नरसिंह प्रसाद, किशोर राणा, इंद्रभूषण,दिनेश महतो, मुरली प्रसाद, रामचंद्र महतो हरिशंकर महतो, राजू कुमार रंजन, घनश्याम जयसवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# धनवार पंचायत में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा चुनाव को लेकर बरही पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने सोमवार को धनवार, कोरियाडीह, बरदाग, करियातपुर में फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बरही थाना के एसआई नागेंद्र पांडेय, शिवम गुप्ता और सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बरही पुलिस के जवान सहित बीएसएफ के 80 जवान शामिल थे। मौके पर पुलिस ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। फ्लैग मार्च कोरियाडीह दुर्गा मंडप से होकर पूरे धनवार पंचायत का भ्रमण करते हुए वापस थाना पहुंचा। बरही थाना के एसआई शिवम गुप्ता ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान लोगों से अपील किया कि किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें, शांतिपूर्ण तरीके से आगामी 13 नवंबर को चुनाव में भाग लें।

# केरेडारी के पतराकला में वन पर्यावरण मेला सह वृक्षों का रक्षाबंधन कार्यक्रम

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरेडारी प्रखण्ड के पतराकला वन समिति के तत्वावधान में वन पर्यावरण मेला सह वृक्षो का रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश झा ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि धरती पर पेड़ पौधे है तो हम जीवित है इसलिए पेड़ो की कटाई रोकते हुए पेड़ लगाना चाहिए, एवं पर्यावरण को रक्षा करना चाहिए।सबसे पहले विनोबा भावे विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डॉ खेमलाल महतो ने पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम का शुरुआत किया।उसके बाद बारी बारी से लोगो ने रक्षा सूत्र बंधना शुरू किया।कार्यक्रम को भाजपा नेता शिवलाल महतो,मुखिया हितनारायन साव,पंसस इकबाल सिंह ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम के दौरान राज म्यूजिकल ग्रुप रामगढ़ के कलाकारों ने एक से एक पर्यावरण से सबन्धित गीत नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने किया।जबकि संचालन तालेश्वर महतो ने किया।मौके पर उपमुखिया कैलाश महतो,रामप्रकाश महतो,राजेन्द्र महतो,तुलसी महतो,हरिलाल महतो,बिहारी महतो,डॉ सुरेंद्र,बैजनाथ महतो,निर्मल महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# एनएमएल पीबीसीएमएप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनएममल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह 2024 का आज सफल समापन किया गया। समापन कार्यक्रम एनटीपीसी आईटीआई संस्थान और सिकरी साइट ऑफ़िस कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत परियोजना के संचार एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा पूरे महीने तक कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिजन और आस पास के स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन कार्यक्रमों को आयोजित करने का उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता का प्रचार प्रसार के साथ सही जानकारी मुहैया कराना था। समापन समारोह में दोनों ही जगहों पर बतौर मुख्य अतिथि एस. के. दुबे, महाप्रबंधक (इन्फ्रा) ने विजेताओं को सम्मान स्वरूप पुरस्कार दिए । उन्होंने इस मौक़े पर कहा कि साइबर अपराध आज के दौर में तेज़ी से बढ़ता जा रहा है ऐसे में हमें तकनीक के दौर में साइबर से संबंधित चीज़ों के बारे में जानकारी होनी चाहिए तभी हम सुरक्षित रह सकते हैं। समापन समारोह के विजेताओं को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक सूचना एवं प्रौद्योगिक, डॉ मनीष श्रीवास्तव ने भी साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहने की बात कही और कहा कि सही जानकारी से हम साइबर अपराध से बच सकते हैं। उन्होंने इस मौक़े पर सभी विजेताओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बधाई भी दी ।




# बरही प्राचीन छठ घाट का साफ सफाई शुरू, सजधज कर होगा तैयार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सोमवार को बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट को सार्वजनिक छठ पूजा कमेटी के अनुरोध पर साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें बरही थाना प्रभारी आभास कुमार एवं एनएचआई के डायरेक्टर एवं राहुल उपाध्याय के सहयोग अपेक्षित रहा। मुखिया शमशेर आलम ने कहा कि छठ पर्व पवित्रता का प्रतीक है। छठ पूजा समिति के लोग घाट की साफ सफाई और लाइट बत्ती लगवाने में महती भूमिका निभाते आ रहा है। इस मौके पर उन्होंने एनएचआई के डायरेक्टर को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बरही नदी पर नया पुल बनाते वक्त उसका अवशेष नदी पर गिरा, जिसे अभी तक हटाया नहीं गया। उन्होंने उक्त अवशेष को हटाने का अनुरोध किया। मौके पर बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष राज सिंह चौहान सहित पूजा समिति के लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने तिलैया रोड में समाजसेवीयो एवं प्रबुद्धजनों के साथ की बैठक

▶वर्षो का साथ हैं, कल भी था और आगे भी रहेगा : मनोज यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** तिलैया रोड स्थित भगवान केशरी के आवास पर भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने समाजसेवी एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। बैठक की अगुवाई मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी और पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया। मौके पर प्रबुद्धजनों ने एक स्वर में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही से वर्षो का साथ रहा है, कल भी था और आगे भी रहेंगा। मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए बरही से कमल को चुने। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं कहा भाजपा ने हमें सम्मान दिया है और हमलोग भाजपा के साथ खड़े हैं। लोगों को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। एकमत होकर इस बार भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। शिक्षाविद हिरामन साव ने कहा हम सभी को एकजुटता का परिचय देना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने कहा पूरे बरही विधानसभा सहित झारखण्ड में भाजपा का ब्यार बह रही हैैठक में मुख्य रूप से हिरामन साव, डॉ संजय साव, नंद किशोर साव, अरविंद साव, बजरंगी साव, गुलाब साव, परमेश्वर, तोखन साव , लखन साव, लीटरी साव, मनोज केशरी, बिरेन्द्र साव, बलराम केशरी, महेंद्र केशरी, संतोष केशरी, जयंत केशरी, दिलीप केशरी, शंकर केशरी, मनोज केशरी, अशोक केशरी, विजय केशरी, राजेश केशरी, सुबोध केशरी, गौतम केशरी, भुनेश्वर साव, भीखन साव, विशेश्वर साव, कैलाश साव, विजय साव, उदय साव, उमेश साव, दिविलाल साव, महेश साव, संतोष साव, बबलू साव, सचिन साव, निर्मल केशरी, बजरंगी केशरी, विजय प्रसाद मुखिया साहू समाज, कैलाश साहू पूर्व मुखिया साहू समाजवादी, तिलकधारी साहू पूर्व मुखिया साहू समाज, डोमन साहू, महेश साहू, देवलाल साहू, उदय साहू, संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, ईश्वर गुप्ता, सुरेश साहू, गोविंद साहू, बबलू साहू, प्यारेलाल साहू, संजय कुमार, रामलखन राम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## मांडू विधानसभा प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी ने नामांकन महासभा को किया संबोधित



**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी ने नामांकन करने के बाद कर्जन ग्राउंड नामांकन महासभा में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मै जाता पात कि राजनीति नहीं करुंगा मैं विकास राजनीति करूंगा । लोगों का हर सुख दुख में मुझे आपने साथ पाएंगे वहीं नामांकन कार्यक्रम में आए हजारों की संख्या में डॉ नाजिर अंसारी का भाषण सुनने के लिए डांटे रहे नामांकन महासभा में कुजू , मांडू, परेज अंसार नगर, पिपरा , कर्मा, बिसुनगढ बरकठी ,दिगवार, सांड़ी चरहि तापीन सहित परेज से मोहम्मद समीम ने सैकड़ो की संख्या में समर्थको को लेकर डॉ नासिर अंसारी के नामांकन महासभा कार्यक्रम में शामिल हो कर डॉक्टर नजीर अंसारी का हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## बड़कागांव विधानसभा में नामांकन के बाद स्कूटनी में कुल प्रत्याशी की संख्या 28 रह गयी है



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के बड़कागांव विधानसभा में नामांकन के बाद स्कूटनी में कुल प्रत्याशी की संख्या 28 रह गयी है। रामगढ़ विधानसभा नामांकन सोमवार को फॉर्म बिक्री संख्या 03 हुई। नामांकन संख्या 11 हुई। अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 20 हुई है नामांकन फार्म लेने वाले प्रत्याशियों का नाम अरिजीत पटेल पिता रूपलाल प्रसाद दांगीसुशील कुमार पिता हरिनारायण महतो , मूलू करमाली पिता अमर करमाली , अब तक की कुल नामांकन 12 हुई। नामांकन करने वाले प्रत्याशियों का नाम ममता देवी पति बजरंग महतो , गौतम कुमार पांडा पिता स्व रामेश्वरम पांडा , धर्मेंद्र प्रसाद, पिता स्व तारो साव , चतुर्भुज कश्यप पिता स्व धनेश्वर महतो , ललिता देवी पति लक्ष्मण प्रसाद , लाल किशुन प्रसाद पिता चरका साव , सुनीता चौधरी पति चंद्र प्रकाश चौधरी , मधु देवी पिता राम गोविंद प्रसाद , पंकज कुमार पिता कुलेश्वर राम दांगी , फारूक अंसारी पिता कासिम अंसारी , बीनू कुमार महतो पिता भरत महतो ने नामांकन किया।

## स्वीप के तहत डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान ।मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं क्क्ष्ुष्ठ मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को ÷वोट करेगा रामगढ़,८ष्ट- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं,ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।

## बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका का किया गया वितरण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाताओं को विभिन्न आयोजनों कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार 22 बड़कागांव विधानसभा एवं 23 रामगढ़ विधानसभा के सभी क्षेत्रों में (बीएलओ) आंगनवाड़ी सहायिका/ सेविका द्वारा VIS ( voter information silip) मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका को मतदाताओं के घर घर जा कर किया जा रहा है वितरण। इस दौरान बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में,ष्ट- 22 बड़कागांव 13 नवंबर को एवं,ष्ट -23 रामगढ़ 20 नवंबर को अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र में जाकर स्वयं व अपने घर के 18 वर्ष से ऊपर सभी सदस्यों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# रामगढ विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने किया नामांकन पत्र दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रामगढ़ विधानसभा के एनडीए की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने सोमवार को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। नामांकन के समय सुनीता चौधरी के साथ हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल , गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , बडकागांव एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी मौजूद थे । इस दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने बड़े गर्मजोशी से स्वागत किया। नामांकन के पश्चात सुनीता चौधरी ने अपने हजारों समर्थकों के साथ रोड शो करते हुए एमएमटी मैदान पहुंची। जहां महासभा का आयोजन किया गया। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा विकास किया है विकास करेंगे। रामगढ़ विधानसभा में विकास की गंगा बह रही थी आगे भी विकास होता रहेगा। वही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा होने के बावजूद भी यहां के विकास गति सभी राज्यों से सबसे कम है। हेमंत सोरेन सरकार 1000 रुपया देकर मैया लोगों को ठगने का काम किया है। जायसवाल ने आगे कहा कि एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है।उन्होंने पूरे देश के विकास में पार्टी के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि अगर झारखण्ड राज्य में भाजपा की सरकार सत्ता में आती है, तो विकास की गति तेज़ होगी। जबकि एनडीए के आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि एनडीए की सरकार ही राज्य और देश का समुचित विकास कर सकती है। राज्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद काफी पीछे है। रामगढ़ विधान सभा में विकास का कार्य हो रहा था और आगे भी होता रहेगा। आप सब लोगों का आशीर्वाद मिला है और फिर से आपका आशीर्वाद चाहिए। इस रैली में उमड़े जनसैलाब मे कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। नामांकन और पार्टी के समर्थकों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखी जा रही थी।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापेमारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से गोला थाना अंतर्गत चलाया गया छापामारी अभियान। छापेमारी अभियान के दौरान कामता गांव के भैरवी नदी किनारे एवं जंगलो में कई शराब भट्ठियों में सघन व व्यापक छापामारी कर करीब 70 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1800 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया । छापेमारी अभियान के दौरान कामता निवासी कृष्ण जीवन साव, काली साव, उमेश साव, मनसु साव, आर्शीवाद साव, सुभाष साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ड्ड) एवं अन्य धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही विनय सिंह, नरेश महतो, कमलेश कुमार, प्रेम सिंह, नंदलाल महतो सहित अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान उपस्थित थे।

## जिले के सभी विद्यालय व महाविद्यालयों में मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत हुआ पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को पूर्वाह्न 11ः00 बजे से 12ः00 बजे तक राज्य के सभी मध्य विद्यालय एवं उत्तर विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 6 से 12 के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने माता-पिता के नाम मतदान करने हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम में लिया हिस्सा। इसी क्रम में रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में बच्चों ने अपने-अपने माता-पिता को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अपना बहुमूल्य मत का प्रयोग करने को लेकर पत्र लिखा।पत्र लेखन कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया साथ ही पत्र को अपने-अपने घरों में जाकर माता-पिता को पत्र देकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने को लेकर बच्चों द्वारा अपील भी किया गया।विधानसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने को लेकर बच्चों ने पत्र के माध्यम से मतदान तिथि 22- बड़कागांव, 13 नवंबर को एवं 23- रामगढ़, 20 नवंबर को अवश्य मतदान करने हेतु अनुरोध किया इसके उपरांत संध्या 5ः00 बजे से 7ः00 बजे तक #MummyPapaVoteDo महा अभियान में सोशल मीडिया पर लेटर के साथ शिक्षकों व विद्यार्थी के माता-पिता के द्वारा फोटो भी पोस्ट किया ।

## मम्मी पापा वोट दो अभियान में उरीमारी डीएवी के बच्चों ने पत्र लिखकर माता पिता को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** डिएवी उरीमारी में सोमवार को मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत बच्चों ने पत्र लिखकर अपने माता-पिता को जागरूक किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार के निर्देशानुसार राज्यभर में मतदान में बढ़ोतरी हेतू मम्मी पापा वोट दो अभियान का आयोजन किया गया। वहीं इस आयोजन में उरीमारी डिएवी के छठी से बारहवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं ने अपने माता-पिता को वोट देने व वोट के लिए प्रेरित करने हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य डीके मंडल के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उन्होंने अपने पत्रों के माध्यम से अपने माता-पिता को जागरूक करने का प्रयास किया, जिससे चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो सके।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भावपूर्ण शब्दों में अपने पत्रों में लोकतंत्र की मजबूती और जिम्मेदारी का महत्व समझाते हुए माता-पिता से मतदान करने की अपील की। प्राचार्य डीके मंडल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा,यह अभियान हमारे समाज में जागरूकता लाने और अपने नागरिक कर्तव्यों को निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपके पत्र माता-पिता को प्रेरित करेंगे और मतदान के महत्व को समझने में सहायक होंगे।÷ विद्यालय प्रशासन ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रम को समाज में जागरूकता फैलाने में सहायक बताया।

## पतरातू में छठ महापर्व की तैयारी शुरू, पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आज छठ महापर्व कि तैयारी को लेकर पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी ,पतरातु की एक बैठक पतरातू डैम स्थित कटुवा कोचा घाट का निरीक्षण करने के पश्चात पीटीपीएस स्थित कार्यालय में संयोजक सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में कि गई । जिसमें छठ महापर्व को स्वच्छ एवं छठ व्रतिओं के लिए सुलभ तथा भव्य बनाने को लेकर चर्चा हुई । बैठक के माध्यम से सर्वप्रथम प्रखंड एवं जिला प्रशासन द्वारा छठ घाट पर दुर्गा पूजा में विसर्जन कराए जाने के कारण घाट पर हुई अत्याधिक गंदगी एवं मलवे को साफ कराने की मांग की गई। वहीं बैठक में विभाग बार कार्यों का प्रभार सदस्यों के बीच बांटा गया । जिसमें साफ सफाई एवं व्यवस्था प्रमुख सुजीत कुमार पटेल एवं । , स्टेज एवं टेंट प्रभारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता व शक्ति सिंह उर्फ पप्पू ,लाइट वं साउंड प्रभारी मो.वारिस खान ,राकेश कुमार , भोग प्रभारी नीरज झा एवं अनिल सिंह ,पूजा प्रभारी मनीष अग्रवाल एवं दीपक गुप्ता ,दूध एवं चाय व्यवस्थापक संजीव सिंह एवं घुघुर कुमार, डेकोरेशन एवं साज - सज्जा प्रभारी गोविंद सोनी वं राकेश कुमार ,पार्किंग विधि व्यवस्था प्रभारी - तारीक एवं टीम नाविक संघ ,वही सदस्यों की सर्वसम्मति एवं छठ व्रत्तियों की मांग पर इस वर्ष भी घाट पर फिर से पानी में फ्लोटिंग तैरता हुआ पूजा पंडाल बनाया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से डॉ मनोज कुमार गुप्ता ,दिलीप सिंह ,शक्ति सिंह पप्पू गोविंद सोनी वारिश खान राकेश कुमार महावीर अग्रवाल अनिल कुमार नीरज झा मनीष गोयल संजीव सिंह दीपक कुमार ,अरिंदम नायक ,मोनु सिंह , राहुल सिंह धीरज पटेल सहित दर्जनो शामिल थे।

## जनता का आशीर्वाद मिला तो रामगढ़ का करेंगे चहुंमुखी विकास : सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने सोमवार को नामांकन कराने से पहले माँ भगवती की शरण में पहुची। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा पहुँचकर छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना किया। मां छिन्नमस्तिका की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों द्वारा कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाया। ततपश्चात अपने आवास में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपनी सास कलावती चौधरी से आशीर्वाद ली। फिर अपने गांव के सार्वजनिक मंदिर में पूजा अर्चना की। आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के साथ उनके पति गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के अलावे रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, युवा नेता पीयूष चौधरी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा मौजूद थे। पूजा-अर्चना के बाद एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद हमे मिलता है, और मैं चुनाव जीतकर आती हूँ तो उनका लक्ष्य विकास की गति को और तेज करना होगा। क्योंकि पिछले तीन वर्षो में रामगढ़ जिला काफी पीछे हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि रामगढ़ का सर्वांगीण विकास हो, इसके लिए वे हमेशा ततपर रहेंगे। मौके पर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी असीम पंडा, सुभाशीष पंडा, गुड्डू पंडा, कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा, नीरज मंडल, सरिता देवी, सुशीला देवी, अनुपमा सिंह, मधु गुप्ता, अनुराग भारद्वाज सहित कई मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय भूगोल विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक और स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों ने रुचि लेते हुए बढ़ चढ़कर भाग लिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की रंगोली प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कलां न केवल सुंदरता का प्रतीक है बल्कि यह हमारी परंपरा और एकता को भी दर्शाती है । सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की यह त्यौहार हमारे जीवन में सत्य, ज्ञान और प्रकाश को जलाये रखने का प्रेरणा देता है। कुलसचिव प्रो. ( डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और दीपावली त्यौहार अपने परिवार के साथ सावधानी पूर्वक मनाने की सलाह दी। इस अवसर पर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष बुध्ददेव महतो ने सभी विद्यार्थियों को शुभकमनाएं देते हुए कहा कि यह छात्रों को रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभाएं दिखाना होता है। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के व्याख्याता डॉ. रवींद्र पासवान ने किया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध संचालित किया गया सघन अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रामगढ़ थाना अन्तर्गत बेलवा गढ़ा में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 200 कि0ग्रा0 बरामद हुआ, जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब-14,000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## रामगढ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी कुशवाहा पंकज महतो ने नामांकन फार्म किया दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सोमवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक कुशवाहा पंकज महतो अपने हजारों समर्थकों के साथ रामगढ़ विधानसभा का प्रत्याशी का नामांकन फार्म भरा। जिसमें रामगढ़ शनिचरा हाट बाजार से विशाल रैली गोला रोड सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे । जिसको जगह-जगह पर स्वागत किया गया और ढोल नगाड़ों के साथ कुशवाहा पंकज महतो जिंदाबाद रामगढ़ का विधायक कैसा हो कुशवाहा पंकज महतो जैसा हो आदि के नारे लगे कुशवाहा पंकज महतो ने कहा कि रामगढ़ में परिवर्तन की लहर है और जनता इस बार जात-पात से ऊपर उठकर विकास के नाम पर वोट करेगी 20 वर्षो से रामगढ़ विधानसभा में एक ही परिवार का राज रहा है आजसू और कांग्रेस दोनो पार्टी में परिवारवाद है रामगढ़ की जनता 24 वर्षो से अपने आप को शोषित पीड़ित और अपेक्षित महसूस कर रही है पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी मौलिक सुविधा भी जनता को नहीं मिल रहा है मौके पर जीवन कुमार,राजेश साव,रोशन तिवारी, विजय दुबे, आकाश तिवारी ,राजा कुमार,सत्या कुमार,आरिफ राजा, आयुष ,अंकित महतो, कालेश्वर कुशवाहा ,विनोद कुशवाहा, कल्याण पांडे आदि उपस्थित थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर मतदाता जागरूकता रैली व शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अग्रणी जिला प्रबंधक श्री दिलीप महली के नेतृत्व में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रामगढ़ में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली प्रशिक्षण केंद्र( पटेल चौक)से होकर रामगढ़ कॉलेज तक आयोजित की गई। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान सभी 18वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को अपने-अपने क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। रामगढ़,८ष्ट- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं,ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी पुर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने किया जनसम्पर्क अभियान

**बगोदर / गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रत्याशी बगोदर के पुर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने दूसरे दिन सोमवार को भी कई गांवों में जन सम्पर्क अभियान चलाया । वहीं गांवों-कस्बों में लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है लोगो में परिवर्तन की लहर दौड़ रही है पुर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। लोगों को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक ते कहा की हमारा लक्ष्य विकास समर्पण और सेवा है आपका वोट हमारी शक्ति है उन्होंने आगे कहा की डबल इंजन की सरकार में लोगों ने विकास देख चुकी है ठगबंधन की सरकार ने लोगों ठगा है चाहे विकास का मामला हो युवाओं को रोजगार के सवाल हो इन सभी मुदों में विफल सावित हुआ है वहीं जनसम्पर्क अभियान में बेको पुर्वी मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी पुर्व जीप सदस्य जितेन्द्र सिंह पंसस गौतम कुमार पुर्व मुखिया कंचन देवी जिवलाल महतो प्रयाग महतो कार्तिक मंडल रोहित महतो सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजुद थे ।

## लिट्टीपाड़ा से भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने किया नामांकन, झामुमो के हेमलाल मुर्मू से होगा सामना

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी को अपना नामांकन पर्चा जमा किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नामांकन कर बाहर निकले बाबूधन मुर्मू का जोरदार तरीके से अभिनंदन किया। उनके समर्थकों ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बाबूधन मुर्मू जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाए। इस दौरान बाबूधन मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जनता का जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा की जनता परिवर्तन चाहती है। लिट्टीपाड़ा की जनता पिछले पचास सालों से एक ही पार्टी और एक ही परिवार को इस उम्मीद से जीताते आ रही है कि उनका विकास होगा। उन्हें रोजगार मिलेंगे, उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। लिट्टीपाड़ा की आम जनता को लगता था कि अब उन्हें शुद्ध पानी मुहैया कराया जाएगा, अच्छी सड़क मिलेगी। इसी उम्मीद से पचास साल बीत गए, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। लिट्टीपाड़ा की जनता खुद को छला महसूस कर रहे हैं। इसलिए उन्हें भारतीय जनता पार्टी से उम्मीद जगी है। निश्चित तौर पर अवसर मिला तो लिट्टीपाड़ा विधानसभा की तस्वीर बदल देंगे। मेरा पहला काम पहाड़ों तक शुद्ध पानी और बिजली पहुंचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम होगा। मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे उनका प्यार मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि बाबूधन मुर्मू का सामना झामुमो के कद्दावर नेता हेमलाल मुर्मू से होगा। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं हेमलाल मुर्मू लोकसभ और विधानसभा दोनों में किस्मत आजमा चुके हैं। लिट्टीपाड़ा का चुनावी मुकाबला इस बार काफी दिलचस्प होगा।

## दाऊद मरांडी ने समाजवादी पार्टी से भरा नामांकन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर विधानसभा सीट से सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी दाऊद मरांडी ने नामांकन किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी भूमि उपसमाहर्ता मनीष कुमार को नामांकन का पर्चा जमा किया। दाऊद मरांडी के नामांकन के बाद समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच आऊंगा। महेशपुर में अभी जो स्थिति है, वह बहुत ही चिंताजनक है। महेशपुर में ना तो स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक है और ना ही शिक्षा व्यवस्था ठीक-ठाक है। यहां के जो किसान है, उनके लिए कोई सुविधा नहीं है। महेशपुर के जो मजदूर वर्ग के लोग हैं, उनके रोजी-रोटी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। दैनिक कामकाज के भरोसे रहने वाले मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। दाऊद मरांडी ने एक सवाल के जवाब में कांग्रेस में रहते अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि महेशपुर की जनता की जो समस्या है और उनकी जो ज़रूरतें हैं, उन्हें विधानसभा के पटल पर पहुंचाना जरूरी है। कांग्रेस में हमेशा से हमें वेटिंग लिस्ट में रखा गया। जिस वजह से जनता की आवाज को विधानसभा के पटल तक नहीं पहुंचा पाए। इसलिए हमने चुनाव लड़ने का फैसला लिया। ताकि जनता की आवाज को हम विधानसभा के पटल पर उठा सके। महेशपुर की जनता परिवर्तन चाहती है और मैं अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हूं।

## झामुमो के प्रो. स्टीफन मरांडी ने भरा नामांकन पर्चा, हैट्रिक जीत को लेकर दिखें आश्वस्त

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर विधानसभा सीट से सोमवार को प्रो. स्टीफन मरांडी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्वाची पदाधिकारी भूमि उपसमाहर्ता मनीष कुमार के समक्ष नामांकन भरा। इस दौरान उनके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम यादव, जिला संगठन प्रभारी अजीजुल इस्लाम भी मौजूद थे। वहीं बाहर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ लगी थी। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद बाहर निकलते ही उत्साहित समर्थकों ने उन्हें फुल माला से लाद दिया। इस दौरान कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी भी करते रहे। जिंदाबाद के नारों से स्थल गूंज उठा। महेशपुर सीट से लगातार दो बार विधायक रह चुके प्रो. स्टीफन मरांडी अपनी हैट्रिक जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा कि मैं अपनी तीसरी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हूं। पार्टी के कार्यकर्ता और जनता जीत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ रही है तो निश्चित रूप से उनका प्रत्याशी भी होना स्वाभाविक है। मुझे भाजपा प्रत्याशी को लेकर एक जरा भी चिंता नहीं है। पार्टी के कार्यकर्ता इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार हैं। महेशपुर को अनुमंडल बनाने की चली आ रही लंबी मांग को लेकर उन्होंने कहा कि मेरी इस जीत के बाद महेशपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलाना मेरा पहला काम होगा। इसके बाद जो ग्रिड बनकर तैयार है, उसे चालू कराएंगे। प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि चुकी यह क्षेत्र किसानों का है। किसानों को खेती करने के लिए विशेष रूप से सिंचाई की सुविधा के लिए बिजली की आवश्यकता होती है। अगर ग्रिड को चालू कर देते हैं तो किसानों को काफी सहूलियत होगी। इसलिए ग्रिड को चालू करना भी मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महेशपुर विधानसभा सीट से तीसरी बार प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रत्याशी बनाया है। झामुमो के प्रो. स्टीफन मरांडी का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के नवनीत हेंब्रम से है। पूर्व एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। महेशपुर में बतौर एसडीपीओ सेवा दे चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के दोनों प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इस मौके पर झामुमो अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हबिबुर रहमान सहित अन्य मौजूद थे।

## एसडीपीआई प्रत्याशी हंजिला शेख ने दाखिल किया नामांकन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकुड़ विधानसभा सीट से सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के प्रत्याशी सह जिला परिषद सदस्य हंजिला शेख ने सोमवार को नामांकन भरा। नामांकन भरने के बाद समर्थकों के बीच पहुंचे। जहां समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पाकुड़ विधानसभा विकास के मामले में काफी पीछे हैं। जिस हिसाब से पाकुड़ का विकास होना चाहिए था, उस हिसाब से नहीं हुआ है। यहां यूनिवर्सिटी भी नहीं है। जिससे कि छात्र उच्च शिक्षा हासिल करें। पाकुड़ के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिला या दूसरे स्टेट में जाना पड़ता है। अस्पतालों में इलाज की सुविधा बहुत ही दयनीय स्थिति में है। पाकुड़ में बिजली और पानी के लिए भी लोगों में परेशानियां साफ दिख रही है। काफी सारे मुद्दे हैं, जिसके सहारे मैं जनता के बीच जाऊंगा। जिस तरह से जिला परिषद सदस्य के रूप में मुझ पर भरोसा जताते हुए जनता ने सेवा का अवसर दिया है, मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि एसडीपीआई को पाकुड़ की जनता का अच्छा समर्थन मिलेगा।

# अंतिम दौर में नामांकन के लिये उमड़ी प्रत्याशियों की भीड़, एक दर्जन से अधिक ने दाखिल किया पर्चा






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** प्रत्याशियों के नामांकन का आखिरी दौर चल रहा है और 29 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन है। आखिरी दौर में नामांकन को लेकर प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस बीच 28 अक्टूबर यानी सोमवार को दर्जन भर से भी अधिक प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा, बीजेपी, समाजवादी पार्टी, एसडीपीआई, अखिल भारत हिंदू महासभा, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, एआइएमआइएम, लोकहित अधिकार पार्टी, सीपीआई (एम) सहित निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा से लिट्टीपाड़ा से हेमलाल मुर्मू तथा महेशपुर से प्रो. स्टीफन मरांडी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी से लिट्टीपाड़ा से बाबूधन मुर्मू ने नामांकन किया। वहीं समाजवादी पार्टी महेशपुर से दाऊद मरांडी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।वहीं एसडीपीआई प्रत्याशी हंजिला शेख ने पाकुड़ विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। अखिल भारत हिंदू महासभा से पाकुड़ विधानसभा से प्रदीप कुमार रजक ने नामांकन किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी विकास गोंड ने पाकुड़ विधानसभा से नामांकन पर्चा भरा। पाकुड़ विधानसभा सीट से ही निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार शुक्ला ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। एआइएमआइएम के प्रत्याशी हाजी तनवीर आलम ने पाकुड़ विधानसभा से नामांकन किया। लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी दिव्येंदु कुमार मंडल ने पाकुड़ विधानसभा से नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं सीपीआई (एम) के गुपीन सोरेन ने महेशपुर तथा शेख सैफुद्दीन ने पाकुड़ विधानसभा से नामांकन पर्चा दाखिल किया। महेशपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इलियास किस्कू ने नामांकन किया। इन प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद विकास के मुद्दों को लेकर मतदाताओं से समर्थन हासिल करने के लिए उनके बीच जाने की बात कही। इस दौरान प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक भी मौजूद थे।

## नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपी पूर्व विधायक संजीव सिंह को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत, सिंह मेंशन खेमे में मायूसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को एक बार फिर झटका लगा है। झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। संजीव सिंह के अधिवक्ता मो. जावेद ने यह जानकारी दी है। इस खबर के बाद सिंह मेंशन खेमे में मायूसी है.

**हत्या मामले में 91 माह से जेल में हैं संजीव**

दरअसल, झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पति पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में पिछले 91 महीने से जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक और रागिनी सिंह के पति संजीव सिंह को सोमवार को हाईकोर्ट से जमानत मिलनी थी। हाईकोर्ट के फैसले पर धनबाद समेत कई जिलों के लोगों की नजर थी. नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में अब तक तीन लोगों को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

**तीन दिन पहले हुई थी हाईकोर्ट में सुनवाई**

बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत ने धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की ओर से दायर जमानत याचिका पर तीन दिन पहले सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी तथा प्रतिवादी सूचक और राज्य सरकार का पक्ष सुना था। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने प्रार्थी संजीव सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने इस मामले में 28 अक्तूबर को अपना फैसला सुनाने की बात कही थी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता बीएम त्रिपाठी और अधिवक्ता नवीन जायसवाल ने पक्ष रखा था। उन्होंने प्रार्थी के साढ़े सात वर्ष से अधिक हिरासत की अवधि और मामले के सह आरोपी को जमानत मिलने के आधार पर जमानत देने का आग्रह किया था। वहीं सूचक की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार ने जमानत का विरोध किया था।

## लिट्टीपाड़ा सीट से झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने दाखिल किया नामांकन, समर्थकों में दिखा उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड :** लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद थे। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद बाहर निकले हेमलाल मुर्मू का कार्यकर्ता और समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे भी लगाए। आसपास का इलाका भी हेमलाल मुर्मू जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस दौरान मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी जीत सुनिश्चित बताया।उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत पक्की है। मैं जनता के बीच विकास के मुद्दे को लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा के पिछड़ेपन को दूर करना मेरे लिए चुनौती होगी। मैं इस चुनौती को स्वीकारते हुए प्राथमिकता के तौर पर काम करूंगा। लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र को पिछड़ेपन के दाग से मुक्त करूंगा। पिछड़ापन को दूर करने के लिए रोड मैप बनाएंगे। इस रोड मैप के मुताबिक एक-एक बिंदु पर काम करेंगे। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लिट्टीपाड़ा सीट से हेमलाल मुर्मू को प्रत्याशी बनाया है।

## बाघमारा विधान सभा की ताज के लिए मेहनत कर रहे है प्रत्याशी, वही वोटर है शांत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला का बाघमारा विधान सभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आता दिखाई दे रहा है वही पार्टी के कार्यकर्ता अपने नेता को जितने के लिए मेहनत कर रहे है, तो दूसरी ओर मतदाता शांत नजर आ रही है।महुदा क्षेत्र के अलावा बाघमारा विधान सभा क्षेत्र में दो प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर बताया जाता है। वहीं भाजपा की ओर से धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने अपना नॉमिनेशन कर दिया है और दूसरी ओर बाघमारा विधान सभा में कई बार विधायक रहे और झारखंड सरकार के मंत्री भी रह चुके, जलेश्वर महतो ने इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी की ओर से अपना नॉमिनेशन कर दिया है। जब पत्रकार ने कई गांव के वोटर से बात की तो नाम नहीं छापने की बात पर बताया कि हम वोट तो जरूर करेंगे लेकिन किसे वोट देंगे हम नहीं बता सकते। जो जीतेगा वही हमारा विधायक होगा । लेकिन बातों बातों में कह डाला कि टक्कर तो दो ही आदमी में है शत्रुघ्न महतो और जलेश्वर महतो।जबकि कांग्रेस से जलेश्वर महतो का अनुभव है। पिछले चुनाव में मात्र कई सौ वोटो के अंतर से हरे थे। जो गलती पिछले चुनाव में किया इस बार दोहराना नहीं चाहेंगे। वहीं भाजपा के उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो भी कम नहीं है भाई के विधायक रहते विधायक प्रतिनिधि के रूप में बराबर मैदान में रहे। । आज कई वर्षो से बाघमारा विधान सभा की सीट पर भाई का दबदबा रहा है। दोनों प्रत्याशियों के अलावा कार्यकर्ता भी मन से अपने नेता को जितने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है लेकिन कार्यकर्ता अपना काम कर ही रहे है। वोटर भी अपना काम शांत रह कर कर रही है। अब देखना होगा कि जनता किसको इस बार किसको बाघमारा विधान सभा की ताज पहनाती है जो वोटरों के दिल में छुपी हुई है।

**जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, सिमडेगा**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा स्वयंसेवक नियमावली–2014 द्वारा गृह रक्षकों के पुनः नामांकन हेतु पारित नियम के आलोक में सिमडेगा जिला के 4 नवम्बर–2024 में पुनः नामांकित होने वाले छुटे हुए गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि पिछले 02 (दो वर्ष की अवधि के दौरान किए गए ड्यूटी के कमान पत्र की छायाप्रति पुनः नामांकन प्रपत्र के साथ अवश्य संलग्न करेंगे जिससे उनके द्वारा पिछले 02 (दो) वर्षों में किए गए ड्यूटी का पता कर उनका पुनः नामांकन किया जा सके ।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा

PR 339652 Simdega(24-25)#D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह –उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (उत्पाद शाखा)**

–:आदेश:–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23(पार्ट–1)/2020/5578 दिनांक–17.10.2024 के आलोक में विधानसभा निर्वाचन–2024 के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (C) के अनुपालन में सभी प्रकार के मदिरा एवं मादक पेय पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित करने के उदेश्य से मैं, चन्दन कुमार (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रामगढ़ झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस जिला में मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन सम्पूर्ण रामगढ़ जिला में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित करता हूँ :–

| क्र0सं0 | विधानसभा क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि | शुष्क दिवस (DRY DAY) का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22–बड़कागॉव | 13.11.2024 | 11.11.2024 अपराहन् 4:00 बजे से 13.11.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक | सम्पूर्ण रामगढ़ जिला |
| 2 | 23–रामगढ़ | 20.11.2024 | 18.11.2024 अपराहन् 5:00 बजे से 20.11.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक | सम्पूर्ण रामगढ़ जिला |
| 3 | 24–माण्डु | | | |
| मतगणना की तिथि | 23.11.2024 | सम्पूर्ण दिवस | | सम्पूर्ण रामगढ़ जिला |

उपरोक्त शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में रामगढ़ जिला की सभी देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट शराब दुकान तथा होटल, बार एवं रेस्तरॉं, क्लब सहित सभी प्रकार के उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगें इसके अतिरिक्त किसी भी होटल, भोजनालय, मद्यशाला, दुकान अथवा किसी अन्य सार्वजनिक अथवा निजी स्थान से कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लीकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा न तो दिया जायेगा और न हीं वितरित किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
रामगढ़

PR 339600 (Excise)24-25*D

**समाहरणालय सिमडेगा।**
dprosimdega@yahoo.in
(डाक मतपत्र कोषांग)
**आदेश**

विधान सभा आम चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा जिला अन्तर्गत 70–सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र एवं 71–कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रथम चरण के मतदान कार्य में संलग्न रहने के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित रहने वाले झारखण्ड राज्य के अन्तर जिला के वैसे सभी मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :–

| क्र0सं0 | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का नाम | चरणवार मतदान | मतदान का समय | मतदान की तिथि | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला कॉलेज सलडेगा | प्रथम चरण | सुबह 8:30 AM से 4:30 PM तक | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक एवं 09.11.2024 से 10.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>C.O Pakartanr -9470560579<br>Shiv Sankar Pandey, PMAYG-8340769255<br>Ropna Oraon Clark-7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970<br>Sharawan Braik-6201043980 |
| 2 | पुलिस केन्द्र सिमडेगा | | | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक | C.O Kurdeg –8084757425<br>Binod jojo Clark-7004801453<br>Saurabh Kumar BTM-7978959043<br>Kuldeep Minj, Asst.T-9771338035 |
| 3 | अनुमण्डल कार्यालय सिमडेगा | | | 11.11.2024 | C.O Pakartanr -9470560579<br>Kavindra Kumar varma Clark -7903099701<br>Rohit Kumar Asst.T-8102767666 |
| 4 | समाहरणालय सिमडेगा ए0 ब्लॉक भू–तल | | | 11.11.2024 | C.O Kurdeg –8084757425<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Nageshwar Hota Asst.T-7761802916 |
| 5 | सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा (डिस्पेच सेन्टर) | | सुबह 7:00 AM से 3:00 PM तक | 12.11.2024 | All cell Membars |
| 6 | समाहरणालय सिमडेगा आत्मा सभागार **सुविधा केन्द्र** (Facilitation Centre) | द्वितीय चरण | सुबह 10:00 AM से 5:00 PM तक | 16.11.2024 से 17.11.2024 एवं 19.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Shiv Sankar Pandey-8340769255<br>Ropna Oraon Clark -7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970 |

उपरोक्त तालिका के अनुरूप Facilitation Centre में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 339617 Simdega(24-25)D

# डबल इंजन की सरकार जब तक नहीं रहेगी तब तक झारखंड का समुचित विकास संभव नहीं : प्रवीण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी मंडल भंडरा बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र का बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक की बैठक मंडल उपाध्यक्ष हरिनाथ महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पूर्व विधान परिषद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जब तक सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर तन मन के साथ कार्य करेंगे तभी हमें विधानसभा चुनाव में सफलता मिलेगी। हमारा बुथ सबसे मजबूत के तहत सभी बुथ कमेटी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर बुथ में बैठक आयोजित करना साथ ही मंडल पदाधिकारी, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सह संयोजक का बूथ में ज्यादा से ज्यादा प्रवास हो मतदाताओं के साथ सीधा संपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। गांव-गांव जाकर



लोगों को बताएं की डबल इंजन की सरकार जब तक नहीं रहेगी तब तक झारखंड का समुचित विकास संभव नहीं है। केंद्र की जो योजना चल रही है आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच रहा है हमें एक सशक्त झारखंड का निर्माण करना है तभी हमारा झारखंड निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के योग्य प्रत्याशी श्री समीर उरांव को भारी बहुमत से वोट देकर विधानसभा चुनाव में जीताना है। बैठक को विधानसभा सह प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजमोहन राम ने संबोधित करते हुए कहा कि दबे, कुचले, आदिवासियों, दलितों के उत्थान के लिए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार कृत संकल्प है माननीय मोदी जी ने आदिवासियों के विकास के लिए अलग मंत्रालय के साथ-साथ पहले जो बजट रहता था उसे चार गुना बढ़कर संसाधन मुहैया कराया जा रहा है आज विकास चौगुना बढ़ रहा है इसे हम सभी को सोचना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। लोग कांग्रेस के भ्रमजाल में ना आए भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है सबका साथ सबका विकास उसको उसे तरह से देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सभी मतदान करें ताकि आने वाला विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी भारी बहुत से विजय हो और झारखंड में अपना सशक्त पूर्ण बहुमत की सरकार बने। बैठक में मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्णा सिंह, बिपता उरांव, ामकुमार साहू, दुखहरण साहू, उमेश साहू, महेश्वर सिंह, बासुदेव उराव, सुरेश उराव, बसंत राम तुरी, राजकुमार महली, चंद्र मोहन शर्मा, राजेश उरांव, तपेश्वर लोहार,संजय महतो, रोहित महतो, सरवन गुप्ता, बिंदेश्वर महतो, दिगंबर महली, राम महतो, अनुज महतो, कलेश्वर साहू, शंकर सिंह, विनोद प्रजापति, सुरेंद्र साहू, मेडल महतो, राजेश महतो, बुधन लोहार, सुधा देवी, संध्या देवी, रामकेश्वर उरांव, विपंती उरांव, मीणा उरांव सहित सभी बुथ अध्यक्ष मंडल प्रभारी मंडल पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## एबीवीपी एवं आजसू समेत अन्य छात्र संगठन के कई विद्यार्थीगण एनएसयूआई का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव की अध्यक्षता में लोहरदगा राजेंद्र भवन में पूर्व वित्त मंत्री झारखंड सरकार पूर्व विधायक लोहरदगा डॉ रामेश्वर उरांव सहित सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ विधानसभा चुनावी गोष्ठी संपन्न हुई। इस गोष्ठी में विनय उरांव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में दिनांक 13 तारीख को लोहरदगा का वोटिंग है, महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार लोहरदगा के लोकप्रिय प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की जीत के लिए लोहरदगा एनएसयूआई शंखनाद करती है। पूरे शक्ति के साथ प्रत्याशी को विजय बनाने में ताकत लगाएगी। डॉ रामेश्वर उरांव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप युवा विद्यार्थी हैं और निश्चित रूप से आने वाला कल के भविष्य हैं,छात्रों के हितार्थ हेतु बीएस कॉलेज में भवन का निर्माण सभी आवासीय हॉस्टल में पुस्तक का वितरण किया एवं जीतने के उपरांत जितना हो सके मैं विद्यार्थियों के लिए काम करने का प्रयास करूंगा और लोहरदगा के सर्वांगीण विकास के लिए मैं अपनी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा लोहरदगा का विकास ही मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य होगा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील साहब विद्यार्थियों के बीच बात रखते हुए कहा कि निश्चित रूप से विद्यार्थियों का पुरजोर ताकत अगर कांग्रेस को मिलती है तो कांग्रेस पार्टी को लोहरदगा विधानसभा में हराना किसी भी पार्टी के लिए बहुत ही मुश्किल होगा।

## कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के विभिन्न गांवो का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव को वोट करने की जनता से किया अपील



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में 28 अक्टूबर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के नरौली एवं गजनी पंचायत के विभिन्न गांवो नगजुआ, गराड़ीह, गजनी, महुवरी, चाल्हो एवं गोपालगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आदरणीय सम्मानित डॉ रामेश्वर उरांव जी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया वही सभी मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को अपने अपने मतदान केंद्र पर कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उराँव को वोट कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई। उनके द्वारा किए गए कार्यो एवं गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी देते हुए लाभ मिलने की बात कही गई। जिसे लोगों ने सहर्ष स्वीकार किया और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में वोट करने की बात कही। जनसंपर्क अभियान में विजय कुमार इक्का समीरूद्दीन अंसारी मोजाहिर अंसारी इसराफिल अंसारी सोबराती अंसारी कुलदीप साहू जगदेव उरांव आदि शामिल थें।

## नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के प्रभारी मीर, लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी सह कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर एवं लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बाघमारा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वहां पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते झारखंड के प्रभारी मीर साहब एवं लोहरदगा लोकसभा के सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को बुके देकर स्वागत करते हुए।

# अंजुमन इस्लामिया सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने किया कौमे मिल्लत कमिटी की नये कार्यालय का उद्घाटन, कहा

## युवाओं को नशा, जुआ जैसे समाजाजिक बुराइयों से बचाना सबसे जरूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा शहर स्थित राहत नगर में रविवार की रात कौमे मिल्लत कमिटी की नए कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी व विशिष्ठ अतिथि अंजुमन इस्लामिया के सह सचिव अनवर अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही सदर तबरेज आलम, सेक्रेटरी तहसीन अंसारी समेत सभी नए ओहदेदारों की हलफ बरादरी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह कौमे मिल्लत कमिटी वर्ष 1998 से संचालित है। कमेटी के नए कार्यालय का उद्घाटन के मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने कहा कि वर्तमान में नशा, जुआ जैसे कई सामाजिक बुराईयां



तेजी से फैल रही है। युवाओं को इन समाजाजिक बुराइयों से बचाना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अपने बच्चों को दिनी और दुनियावी तालिम निहायत जरूरी है। उन्होंने कौमे मिल्लत कमिटी के द्वारा सामाजिक बुराइयों को कंट्रोल करने और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर पहल की सराहना करते हुए कमिटी के लोगों को मुबारकबाद देते हुए हौसला अफजाई कीं। कहा कि अंजुमन इस्लामिया की जब भी जरूरत पड़े जरूर राबता कायम करें। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही अंजुम हॉस्पिटल की शुरुआत की जाएगी। आप सभी से गुजारिश है कि उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर कमिटी के सरपरस्त हाजी असलम अंसारी ने कमिटी के जरिए किए जा रहे कार्रवाही की मुकम्मल रिपोर्ट पेश कीं। कौमे मिल्लत कमिटी के नए सेक्रेटरी तहसीन अंसारी ने सदर अब्दुल रऊफ अंसारी और ज्वाइंट सेक्रेटरी अनवर अंसारी का शुक्रिया अदा किया और आने वाले तीन सालों में जो काम अंजाम देंगे उसके बारे में लोगों को बताया कि शिक्षा, मेडिकल, ब्लड डोनेशन, लड़कों और लड़कियों की काउंसिलिंग, समाज से बुराई को दूर करना, मोहल्ले में एक अच्छे माहौल बनाने जैसे फलाही कामों के प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# एनडीआरफ की लाख प्रयासों के बावजूद नदी में डुबे तीन छात्रों को खोज पाने में असफल रही

**झारखंड सरकार जल्द से जल्द NDRF के टीम के साथ हेलीकॉप्टर की मदद से ढूंढने का प्रयास करें : सुनील अग्रवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नंदलाल फॉर्म में हुए हादसे का शिकार तीन छात्रों का अभी तक कोई अता पता नहीं चिल्लाने की आवाज सुन चौथा छात्र रुका जिससे उसकी जान बच सकी। स्थानीय गोताखोरों के लाख प्रयास के बावजूद पता नहीं चल पा रहा है परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना को सुनकर जय श्रीराम समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,महामंत्री प्रदीप साहू, समेत समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य गण मौजूद थे द्य जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा पूरे झारखंड में इस तरह की घटना को लेकर किसी प्रकार की जल्द कोई



व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण दिन प्रतिदिन कई लोगों की जान चली जाती है। स्थानीय गोताखोरों के असफल प्रयास के साथ ही झारखंड सरकार के खिलाफ लोगों में खासे नाराजगी हैं मैं मांग करता हूं कि झारखंड सरकार जल्द से जल्द हृष्ठक्रस्न के टीम के साथ हेलीकॉप्टर की मदद से ढूंढने का प्रयास करें द्य एवं आगे के लिए या व्यवस्था बना के रखें द्य मौके पर एनडीए उम्मीदवार समीर उरांव, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जिला महामंत्री प्रदीप साहू,जीवन महतो,विनोद प्रसाद,हेमंत वर्मा, दया सिंह, नवीन साहू समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थे द्यदलाल फॉर्म में हुए हादसे का शिकार तीन छात्रों का अभी तक कोई अता पता नहीं चिल्लाने की आवाज सुन चौथा छात्र रुका जिससे उसकी जान बच सकी स्थानीय गोताखोरों के लाख प्रयास के बावजूद पता नहीं चल पा रहा है परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना को सुनकर जय श्रीराम समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महामंत्री प्रदीप साहू समेत समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

## आदिवासी महिला धर्म परिवर्तन करती है तो उसे आदिवासी का लाभ नहीं मिलेगा : लक्ष्मी नारायण भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को स्थानीय झखरा कुंबा वीर शिवाजी चौक, एम0 जी रोड लोहरदगा में जिला राजी पड़हा बैल लक्ष्मी नारायण भगत कीअधयक्षता में बैठक संपन्न हुआ। श्री लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि पंचयत चुनाव मे भी आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी से विवाह की वैसे महिला हमारी मूल आदिवासी महिला की हकमारी कर रही है। ऐसे महिलाओं का दुहसाहस देखिये राजपति देवी पति-विजय महतो जैसी विधान सभा चुनाव में भी नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ रहें हैं। उनहोंने कहा कि हमलोग आखिरी दम तक उस महिला का नामांकन रद्द कराने हेतू आन्दोलन किया जाएगा। कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। जीवन उराँव ने कहा कि गैर आदिवासियों द्वारा हमारी आदिवासी महिलाओं को टारगेट किया जा रहा है। झारखण्ड में आदिवासी मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन सरकार से आदिवासी समाज को बहुत उम्मीद था परन्तु पाँच सालों में हेमन्त सोरेन जे0एम0 एम और कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी हित में एक भी कानून नही बनाया। इससे सपाट है कि जेएमएम और कांग्रेस कभी भी आदिवासियों का भला नहीं करेगा । सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 मे सपाट है कि जब कोई एस0सी महिला गैर एस0सी पुरूष से शादी करती है तो उस महिला को एस0सी का मिलने वाला आरक्षण स्वतः समाप्त हो जाता है। उसी तरह आदिवासी महिला के भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में यदि ज़रूरत पड़ी तो संशोधन कराया जाएगा लेकिन मूल आदिवासी महिला की संवैधानिक अधिकार को गैर आदिवासियों के पास गयी महिला को आदिवासी का फायदा नहीं उठाने दिया जाएगा। समाजसेवी अमित लोहरा ने कहा कि लोहरदगा के अलावे अन्य जिले और अन्य राज्यो में भी धड़ल्ले से आदिवासी महिला को ठग फुसलाकर गैर आदिवासी लोग रखैल रख रहें हैं ।बस उनको आदिवासी जमीन को लूटना है। अमित लोहरा ने कहा कि यह आन्दोलन जारी रहेगा। अगामी 5 दिसम्बर 2024 को जिला समाहरणालय के पास जोर दार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा ।

## बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लोहरदगा विधानसभा चुनाव का होना है। जिसमें सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने मतदान केंद्र में विधि-व्यवस्था की जांच कर ले। किसी भी स्थिति में मतदान केंद्र में असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में जो भी त्रुटि है। उसे अविलंब तीन दिनों के अंदर सुधार कर ले, ताकि आगामी 13 नवंबर को मतदान के दौरान किसी भी मतदाताओं को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना करना ना पड़े। उन्होंने मतदान केंद्र में पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप, साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर गौरव गौरीश, पवन कुमार, अजय साहू, मनीष उरांव, संध्या कुमारी सहित प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

# कोलेबिरा में मुख्यमंत्री सारथी योजना की मतदाता जागरूकता अभियान की हुई पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कोलेबिरा से बानो चॉक तक मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान, चुनाव चुनाव नहीं मतदान करें नए भारत का निर्माण करें, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, न नशे से न नोट से देश बदलेगा वोट से, नारों से हवा गूंज उठी, जिसमें लोगों ने मतदान की महत्ता और इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। प्रभात फेरी में सेंटर हेड प्रभु कश्यप, सेंटर इंचार्ज पवन कुमार, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी डी ओ ट्रेनर सबना प्रवीण, एस ए टी ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उराव, मोबिलिजर सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना



और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। लोगों ने मतदान की महत्ता को समझा और इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेंटर हेड प्रभु कश्यप ने कहा, मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है। हमें इसका उपयोग करना चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। सेंटर इंचार्ज पवन कुमार ने कहा, यह अभियान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया गया है। हमें उम्मीद है कि लोग मतदान की महत्ता को समझेंगे और इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देंगे। इस अभियान के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए द्य जिनमें मतदाता प्रतिज्ञा की भी शपथ लिए द्य हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अछून्न रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । मतदान के महत्व पर विशेष सत्र शामिल थे।

# अबकी बार विधान सभा चुनाव में हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने का काम करेगी राज्य की जनता : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यसमिति बैठक जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय लोहरदगा में संपन्न हुआ।इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव लोहरदगा विधानसभा प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की उपस्थित थे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की आगामी 2024 विधानसभा में एनडीए समर्थित उम्मीदवार नीरू शांति भगत को भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजने का काम किया जाएगा। साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड को लूटने का प्रयास किया जा रहा है। मनीर उरांव ने ये भी कहा कही अभी एक झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी का बयान आता है कि हमारे प्रत्याशी जामताड़ा की सीता सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं कि यह तो रिजेक्ट माल है जनता हेमंत सोरेन से पूछना चाहती हैं कि जब हमारी महिला ही इस राज्य में सुरक्षित नहीं है तो यह सरकार को या हेमंत सोरेन को रहना उचित नहीं है। झारखंड की जनता अब जाग चुकी हैं 2024 के विधानसभा चुनाव में जनता हेमंत सोरेन को सता से बाहर करने का काम करेगी हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हमारी सरकार आएगी तो हर एक साल 5 लाख नौकरी देंगे अगर नौकरी नहीं देंगे तो सरकारी भत्ता दे दिए जाएंगे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई है तब से युवा को ठगने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व सांसद दशरथ तिर्की, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार, कुडू मंडल अध्यक्ष सरजू साहू, कैरो मंडल अध्यक्ष गोविंद महतो, किस्को मंडल अध्यक्ष बबलू महतो, यशस्वी ओझा, मंटू साहू, राजू उरांव, आदित्य साहू, नन्द किशोर यादव, भरत वर्मा, पदयुमान पाठक, श्रेय केशरी सहित युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## सैकड़ों की संख्या में बीजेपी एवं आजसू के लोग हुये कांग्रेस में शामिल

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव ने सभी लोगो को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर किये कांग्रेस परिवार में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को विधायक कार्यालय बरवा टोली में बीजेपी एवं आजसू पार्टी को छोड़ 100 से अधिक की संख्या में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर सभी को कांग्रेस प्रत्याशी कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने सभी लोगो को माला एवं मिठाई खिलाकर किए कांग्रेस परिवार ने शामिल। इस मौके पर बीजेपी आजसू से आए लोगो ने सदस्यता ग्रहण कर कहा की कांग्रेस पार्टी विकास की पार्टी है इनका विचारधारा सबके साथ सबका विकास का है। इस लिए आज हम सभी बीजेपी और आजसू पार्टी को छोड़ कांग्रेस परिवार में शामिल हो



रहे है। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की सभी लोगो का कांग्रेस परिवार में स्वागत है सभी को इस पार्टी में सम्मान दिया जाता है और आपको भी दिया जायेगा। आज इतने संख्या में कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण होने से कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूती मिली है जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजय होगी। कांग्रेस एवं हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ है की इतनी संख्या में लोग अपने आप को परिवर्तित कर कांग्रेस परिवार में शामिल हुवे।इस मौके पर मुख्य रूप से सदस्यता ग्रहण करने वालो में संकर उरांव, पहान, प्रदीप उरांव, संजय कुमार तुरी, बलराम उरांव, विजय उरांव, प्रकाश कुमार तुरी, मनोहर उरांव, सिकंदर तुरी, रामबृत लोहरा, अर्जुन उरांव, अमित भगत, सूरज साहू, गोपाल उरांव, इनके साथ काफी संख्या में सहयोगी शामिल थे। इस मौके पर पर मुख्य रूप कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, निशीथ जायसवाल, ऐनुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, तारिक अनवर, रेहान अख्तर, रमेश उरांव, रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, अराफत, मुसरफ सोनू, रेयाज अंसारी, साकिर अंसारी आदि शामिल थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### बिहार राजग की बैठक में 2025 के विधानसभा चुनाव में 220 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित

**पटना** : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई बिहार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में 2025 के विधानसभा चुनाव का एजेंडा तय किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि राजग आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी। साथ ही विधानसभा चुनाव में 220 से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि राज्य से लेकर पंचायत स्तर तक राजग नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें चुनाव जीतने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पार्टी ने विश्वास जताया कि सभी जाति-धर्म के लोगों के विकास के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जनता फिर से राजग को चुनेगी। बैठक खत्म होने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि राजग अगला विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। आगामी चुनाव में 2010 वाले चुनाव से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया गया है। जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा है कि विपक्ष अफवाह उड़ाकर मतदाताओं को भ्रमित करता है, उसका मुकाबला पूरी मजबूती से करना होगा। महागठबंधन ने बिहार के लोगों को ठगने का काम किया है। हर विधानसभा में राजग का सम्मेलन होगा और आगे से जो भी कार्यक्रम होगा, साझा होगा। उल्लेखनीय है कि बिहार में साल 2025 में होने वाले चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह पहली बैठक की है और विपक्ष को साधने के लिए गठबंधन के नेताओं को तमाम तरह के निर्देश दिए हैं। हालांकि, इससे पहले राज्य में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इस उपचुनाव को विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में राजग की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

### पहले के सभी कुंभों से विराट और भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ : आदित्यनाथ

**कुरुक्षेत्र/लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा। आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला अभ्युदय और दूसरा है निःश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं।

# कहीं पार्किंग शुल्क रंगदारी शुल्क में ना बदल जाए : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : इन दिनों निगम द्वारा शहर के कई भाग में पार्किंग का ठेका किए जाने के बाद जबरन पार्किंग की वसूली रंगदारी की तरह वसूली जा रही है।

इस संबंध में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम से आग्रह किया है कि शहर छोटा है और कई जगह पार्किंग लगा दिए जाने के कारण अत्यधिक पार्किंग का बोझ व्यवसाईयों एवं निगम वासियों पर पड रहा है। जिसे तत्काल रोके जाने की जरूरत है। प्रथम महापौर ने कहा कि किसी भी एक स्थान पर पार्किंग शुल्क अगर कोई कटवा लेता है तो 3 घंटे तक वह शहर के हर पार्किंग में मान्य हो। ताकि पार्किंग शुल्क बोझ ना बने।

प्रथम महापौर ने कहा कि निगम न्यूनतम दर पर मंथली पार्किंग शुल्क का भी प्रावधान करे। ताकि जिनके पास वाहन है वह ऑनलाइन मंथली पार्किंग शुल्क एक बार कटवा कर महीने भर इत्मीनान हो सके, जो हर पार्किंग में मान्य होगा। प्रथम महापौर ने कहा कि इन दिनों बहुत शिकायत आ रही है कि लोग पार्किंग के नाम पर जबरदस्ती कर रहे हैं, जो गलत है।

एक गलत दिशा की ओर यह पार्किंग शुल्क जा सकती है। इसलिए निगम जिन्हें भी पार्किंग का ठेका दिया है, उन लोगों से पार्किंग लेने वाले अधिकृत व्यक्तियों का कैरक्टर सर्टिफिकेट के साथ उनका नाम भी रजिस्टर्ड करें।

साथ ही निगम द्वारा निर्गत आई कार्ड लगाने के लिए बोला जाए। ताकि पार्किंग लेने में व्यवहार कुशलता बनी रहे। अन्यथा किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है।

## बीएयू के प्राध्यापक ने बनाई मटर छीलने वाली मशीन, मिला पेटेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कृषि अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार पांडेय द्वारा डिजाइन की गई हरा मटर छीलने वाली हस्तचालित मशीन को केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट प्रदान किया है। सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत पेटेंट, डिजाइन और व्यापारिक चिन्ह के महानियंत्रक द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। डॉ पांडेय ने कहा कि इससे प्रति घंटा लगभग 15 किलो हरा मटर की छीमी छीलकर उसका दाना निकाला जा सकता है। हाथ से मटर छीलने की तुलना में इस मशीन से चार-पांच गुना अधिक गति से कार्य हो सकता है। इस यंत्र का डिजाइन विकसित करने में उन्हें लगभग दो वर्ष का समय लगा। उन्होंने कहा कि यदि औद्योगिक इकाइयां बड़े पैमाने पर इस मशीन का निर्माण करें तो लागत प्रति इकाई चार-पांच हजार रुपये आएगी। औद्योगिक उत्पादन प्रारंभ होने के उपरांत इस मशीन के बाजार में आने पर होटल, रेस्टोरेंट, मेस आदि में बावर्चियों के लिए तथा छिला हुआ हरा मटर बेचने वाले छोटे सब्जी विक्रेताओं के लिए मटर छीलने का काम काफी आसान हो सकता है।

## ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे इंदौर के महापौर पुष्यमित्र

एजेंसी

**इंदौर** : मध्य प्रदेश के इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव दुबई में बुधवार, 31 अक्टूबर को होने वाली ब्रिक्स देशों के ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें इस सम्मेलन का को-चैयरमैन नियुक्त किया गया है। यह जानकारी सोमवार को जनसम्पर्क अधिकारी अनिल शर्मा ने दी। जनसम्पर्क अधिकारी शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स प्लस सम्मेलन में देश का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत की अर्बन सिटी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। भार्गव मंगलवार, 30 अक्टूबर को दुबई के लिए रवाना होंगे और 31 अक्टूबर को दुबई में ब्रिक्स प्लस फोरम में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और देश के सिटी डेवलपमेंट प्लान को अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने, सतत विकास पहल को बढ़ावा देने और सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर चिंतन किया जाएगा। इंदौर महापौर भार्गव सम्मेलन में भारत की ओर से शामिल वाले एकमात्र प्रतिनिधि होंगे। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के अलावा अन्य देशों को भी आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापौर भार्गव को बधाई दी है।

## देश की प्रगति के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होंगे आगामी 25 साल : धर्मेन्द्र



एजेंसी

**वाराणसी:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आगामी 25 साल भारत की प्रगति के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होंगे। नियति ने हमारे भाग्य में देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनना लिखा है। पूरी दुनिया आज भारत को बड़ी आशाओं से देख रही है। विश्व की समस्याओं के समाधान की कुंजी अविनाशी काशी और आईआईटी बीएचयू जैसे संस्थान में ही हैं। उम्मीद है अपने बौद्धिक क्षमता से हमारे विद्यार्थी भारत और सम्पूर्ण विश्व की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। मंत्री प्रधान सोमवार को आईआईटी बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। परिसर स्थित स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कुल 60 मेधावी विद्यार्थियों को 125 मेडल प्रदान किए। संस्थान में सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और संगठनात्मक व नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने के लिए मेधावी भव्या मल्होत्रा, बीटेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को डाइरेक्टर्स स्वर्ण पदक समेत 12 स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और तीन पुरस्कार दिया गया। समारोह में बीटेक स्तर पर शैक्षणिक क्षेत्र में संपूर्ण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आदित्य कुमार नायक, बीटेक, केमिकल इंजीनियरिंग को प्रेसीडेंट्स स्वर्ण पदक समेत सात स्वर्ण पदक और दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान डिजिलॉकर पर 1954 उपाधियां अपलोड की गईं। प्रधान ने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी है। चौथी औद्योगिक क्रांति में भारत के पास दुनिया के लोककल्याण का नेतृत्व करने का अद्भुत अवसर है। इस दिशा में आईआईटी बीएचयू के विद्यार्थी अपना दायित्व निभाएंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। युवाओं को जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनना है। आज चुनौती इसी विषय की है। आने वाले 25 साल में भारत अमृतकाल में रहेगा। आजादी के एक सौ साल पूरा करेंगे। इस दौरान भारत दुनिया का सबसे युवा देश भी रहेगा। दुनिया की अन्य देशों की तुलना में सबसे युवा रहेंगे। आज हमारी अर्थव्यवस्था की साइज तीन ट्रिलियन डॉलर है। आने वाले दिनों में पांच से आठ ट्रिलियन तक पहुंचना है। तब अगर हम जॉब सीकर बनेंगे तो जॉब क्रियेट कौन करेगा। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका, चीन और यूरोप, ये तीनों में जितना डिजिटल पेमेंट होता है, भारत में उससे ज्यादा होता है। ये आपने करके दिखाया है।

# जनता का अधिकार लूटने वालों के लिए आईना है विकास पुस्तिका : मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने पांच वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा अंकित विकास पुस्तिका का विमोचन किया। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर पार्टी के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ इस विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस विकास पुस्तिका में मंत्री के पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को दर्शाया गया है।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह विकास पुस्तिका का जनता का हक, अधिकार लूटने वालों के लिए आईना है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि यदि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे, सरकार यदि जनता के प्रति समर्पित रहे तब ऐसी पुस्तिका बनती है। मंत्री ने कहा कि इस विकास पुस्तिका में मेरे 5 वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत है। जनता को फिर से अपना निर्णय सुनना है और परिणाम देना है। अपने जनप्रतिनिधि के किए कार्यों का मजदूरी जनता को देना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत के सभी गांव एवं घरों में अपने विकास कार्यों को बताएंगे कि हमने पिछले 5 वर्षों में क्या किया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विधानसभा एवं गढ़वा जिला पहले निःशक्त कहलाता था। यह जिला विकास कार्यों से कोसों दूर था। यहां बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई, पर्यटन, धार्मिक, खेल आदि किसी भी क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ था। परंतु आज पूरे गढ़वा में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य हुआ है।मौके पर मुख्य के रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के हरमू नदी से सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह हरमू नदी के किनारे रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों ने नदी में एक शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक का शव जला हुआ प्रतीत हो रहा है, और मृतक का शव भी दो दिन पुराना लग रहा है। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

# वायनाड में प्रियंका का तूफानी प्रचार शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**वायनाड** : केरल के वायानाड लोकसभा उपचुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान शुरू हो गया है. कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को वहां पहुंची. जानकारी के मुताबिक प्रियंका अपना पहला चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया. इससे पहले उन्होंने नीलगिरी कॉलेज के छात्रों से मुलाकात की. बता दें, चुनाव आयोग ने यहां 13 नवंबर को मतदान का फैसला लिया है. वहीं, परिणाम 23 नवंबर को आएंगे. प्रियंका ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वह लोगों से जनसंपर्क भी करेंगी.उन्होंने आगे लिखा कि वायनाड के लोग पहले भी सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़े रहे हैं और संविधान की भावना को मजबूत करने का काम किया है. यहां के लोग संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करते रहेंगे और विकास और प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे. मंगलवार को भी उनकी चार चुनावी सभाएं हैं, जिसके बाद वह वापस लौट आएंगी. केरल में कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य प्रियंका गांधी को अब तक के सबसे बड़े अंतर से जीत दिलाना है.

इसके लिए वह जमकर प्रचार अभियान में जुटी है. सूत्रों से पता चला है कि पार्टी ने जीत का लक्ष्य पांच लाख वोट तय किया है. प्रियंका के नामांकन के समय तमाम राजनेता मौजूद थे. वहीं, वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी ने स्थानीय लोगों को मलयालम और अंग्रेजी में एक लेटर भी लिखा था. सीपीआई ने पूर्व विधायक सत्यन मोकेरी को चुनावी मैदान में उतारा है, जो 2014 के आम चुनावों में तीसरे स्थान पर रहे थे, जबकि भाजपा ने युवा कोझीकोड निगम पार्टी की पार्षद नव्या हरिदास को प्रत्याशी बनाया है, जो एक पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और पूर्णकालिक राजनीति में आ गई.

# सत्ताधारी हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया : संजय सेठ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मोरहाबादी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि सत्ताधारी हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भी उत्साह है। हर तरफ परिवर्तन की लहर है। पिछले पांच साल में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, बेरोजगारों पर जो अत्याचार किए हैं, महिला उत्पीड़न और प्रताड़ना पर जो चुप्पी साधी है।

इन सबका जवाब इस चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। सेठ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। मंत्री, विधायक, सांसद यह सब कुछ भाजपा में सिर्फ दायित्व है। यह कोई पद नहीं है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता के रूप में ही पूरी मजबूती के साथ इस चुनाव में काम करेंगे और राज्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण करने वाली सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड को हमेशा से विशेष स्नेह दिया है। पांच साल हेमंत सोरेन की सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री ने झोलियां भर भर के झारखंड के विकास के लिए योजनाएं दी लेकिन दुर्भाग्य है कि इस भ्रष्ट सरकार ने जानबूझकर मोदी सरकार की योजनाओं को राज्य में सफल नहीं होने दिया। मोदी सरकार की योजनाएं राज्य में सफल हो, उसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है ताकि झारखंड के विकास को और बेहतर गति मिल सके। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो, युवाओं को रोजगार मिले, भाजपा इसके लिए दृढ़ संकल्पित है और भाजपा के साथ पूरे राज्य की जनता खड़ी है। इस मौके पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, यदुनाथ पांडे, गणेश मिश्रा, राकेश भास्कर और विनय जायसवाल उपस्थित थे।

## महिला विरोधी बयान सशक्त लोकतंत्र के विरुद्धः विजया

**नई दिल्ली** : झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेता सीता सोरेन पर कांग्रेस नेता इरफान अंसारी की विवादित टिप्पणी का राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। महिला आयोग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए झारखंड पुलिस से इन बयानों का संज्ञान लेने का निर्देश दिया है। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने सभी राजनीतिक दलों से महिला विरोधी बयान से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि महिला विरोधी बयान सशक्त लोकतंत्र के विरुद्ध हैं। सोमवार को विजया रहाटकर ने एक्स पर सलाह जारी करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव होता है। इस दौरान ÷हम भारत के लोग÷ अपने लिए सबसे उपयुक्त सरकार का चयन करते हैं। वर्तमान में चुनावी प्रदेशो में विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा किए जा रहे महिला विरोधी बयान सशक्त लोकतंत्र के विरुद्ध हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने कार्यवाही की है, झारखंड पुलिस को भी तुरंत इन बयानों का संज्ञान लेना चाहिए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मम्मी पापा वोट दो अभियान को सराहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे। कुमार ने कहा कि यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया। पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाताओं को जागरूक करने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से मम्मी पापा वोट दो अभियान चलाया गया। इस अभियान में सोमवार को पूरे राज्य के 18,570 स्कूलों के 17,06,182 बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को की गई अपील निश्चित रूप से लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने पूर्वाह्न 11 से 12 के बीच अपने-अपने माता-पिता, अभिभावकों को अनिवार्य मतदान के अनुरोध के साथ पत्र लिखकर भावुक अपील की।

**शाम को टॉप 10 में रहा #मम्मी पापा वोट दो अभियानः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी जिलों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोमवार को शाम पांच बजे से लेकर सात के बीच #मम्मी पापा वोट दो हैशटैग के साथ विद्यार्थियों द्वारा दिए गए पोस्टों को एक साथ शेयर किया गया, ताकि इसे ट्रेंडिंग में लाया जा सके और अधिक से अधिक लोगों के बीच इसका प्रचार किया जा सके। इस हैशटैग अभियान के दौरान केवल एक्स (ट्विटर) पर शाम पांच बजे से लेकर सात के बीच 30 हजार से अधिक पोस्ट किए गए एवं पूरे भारत वर्ष में टॉप 10 में लगातार ट्रेंडिंग करता रहा। इसके अलावा सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर 50 हजार से भी अधिक पोस्ट किए गए। समाचार लिखे जाने तक पोस्ट किए जाने का सिलसिला जारी है।